दैनिक हिन्दी अख़बार

# सच बेधड़क

www.sachbedhadak.com | twitter.com/sachbedhadak | facebook.com/sachbedhadak
YouTube: youtube.com/@sachbedhadak | Instagram: instagram.com/sach_bedhadak

वर्ष: 3 | अंक: 136 जयपुर, शुक्रवार, 26 अप्रैल, 2024 | बैशाख, कृष्ण पक्ष- द्वितीया, विसं 2081 पृष्ठ: 10 | मूल्य: 2.00



## जरूरी खबर

### मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने की मतदान की अपील



**बेधड़क.जयपुर।** मुख्य निर्वाचन अधिकारी प्रवीण गुप्ता ने सभी मतदाताओं से लोकतंत्र के महापर्व में अपनी सहभागिता करते हुए मतदान करने का आह्वान किया है। उन्होंने कहा कि दूसरे चरण के लिए प्रदेश के 13 लोकसभा क्षेत्रों में शुक्रवार को सुबह 7 से शाम 6 बजे तक मतदान होगा। मतदान केंद पर पहुंचकर निर्भय होकर मतदान कर भारतीय लोकतंत्र को मजबूत बनाने में अपनी सक्रिय भागीदारी निभाएं। गुप्ता ने बताया कि मतदान के दौरान सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए हैं।

### फोन नहीं उठाने पर जयपुर में महिला की हत्या की

**बेधड़क.जयपुर।** जयपुर में घर में घुसकर महिला की हत्या करने वाले आरोपी को पुलिस ने गुरुवार को गिरफ्तार कर लिया। आरोपी और मृतका के बीच काफी समय से संबंध थे। वारदात वाले दिन आरोपी महिला के घर जा रहा था तो उसने कई बार महिला को फोन किया, लेकिन महिला ने फोन नहीं उठाया। इससे नाराज आरोपी ने महिला के घर पर पहुंचकर झगड़ने लगा। इस दौरान झगड़ा इतना बढ़ गया कि उसने गला दबाकर उसकी हत्या कर दी। बारवाल की ढाणी लोहरवाडा वेदांत सिटी निवासी हीरा देवी (51) पत्नी भीम सिंह अपने बेटे-बहू के साथ रहती थीं।

### दूदू विधानसभा क्षेत्र में भी आज होगा मतदान

**बेधड़क.जयपुर।** लोकसभा चुनाव के तहत अजमेर लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र में समाहित दूदू विधानसभा क्षेत्र के लिए 26 अप्रैल 2024 को मतदान होगा। जिसके तहत शुक्रवार को 2 लाख 55 हजार 176 मतदाता लोकतंत्र के महापर्व में अपनी भागीदारी निभाएंगे। जिनमें 1 लाख 31 हजार 459 पुरुष मतदाता, 1 लाख 23 हजार 716 महिला मतदाता एवं एक थर्ड जेंडर मतदाता शामिल हैं। दूदू विधानसभा क्षेत्र में मतदान के लिए कुल 270 मतदान केन्द्र स्थापित किये गए हैं। जहां शुक्रवार सुबह 7 बजे से सायं 6 बजे तक मतदान होगा। गुरुवार को जयपुर के सीकर रोड़ स्थित भवानी निकेतन छात्र कॉलेज से सुबह मतदान दल अंतिम प्रशिक्षण के बाद मतदान केन्द्र के लिए रवाना हुए। मतदान समाप्ति के पश्चात दूदू के मालपुरा रोड स्थित राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण केन्द्र में ईवीएम का संग्रहण किया जाएगा।

**119 मोबाइल वेन को गूगल मैप पर किया मैपिंग, शिकायत आने पर तुरंत पहुंचेगी पुलिस**

# जोधपुर में बारह हजार पुलिसकर्मी संभालेंगे चुनाव में मोर्चा

**बेधड़क | जयपुर**

लोकसभा चुनाव में सबसे हॉट सीट जोधपुर पर शुक्रवार को मतदान के दिन सबकी निगाहें रहेंगी। इस बीच पुलिस के सामने भी शांतिपूर्ण और सुरक्षित मतदान चुनौती रहने वाला है।

ऐसे में जोधपुर पुलिस कमिश्नरेट में लोकसभा चुनाव को लेकर नवाचार किया गया है। इस बार फील्ड में तैनात पुलिस की मोबाइल वेन को गूगल मैप पर मैपिंग किया गया है। अभय कमांड सेंटर तैनात टीम पर इन वैन पर नजर रखेगी और कंट्रोल रुम पर कही से भी सूचना आने पर तुरंत नजदीकी वैन को रवाना करेंगी। ऐसे में पुलिस किसी भी घटना के समय क्विक रिस्पॉन्स देगी और तुरंत बूथ पर पहुंच जाएगी। लोकसभा चुनाव को शांति से सम्पन्न करवाने और कही से भी शिकायत आने पर तुरंत पुलिस का जाब्ता पहुंचने की व्यवस्था की गई है। एसीपी नरपत सिंह ने बताया कि पुलिस की क्विक रिस्पोंस के लिए मोबाइल वेन का लाइव ट्रेकिंग सिस्टम इस बार जनरेट किया है। चुनाव के चलते जोधपुर लोकसभा क्षेत्र में कुल 119 मोबाइल वेन तैनात की है। ऐसे में सभी का लाइव लोकेशन अभय कमांड सेंटर पर रहेगा। और अभय कमांड सेंटर पर तैनात टीम मॉनिटरिंग करेगी।



### 285 संवेदनशील-अतिसंवेदशील बूथ

जोधपुर लोकसभा में कुल 285 संवेदनशील बूथ है। इसमें से 176 बूथ पर एक्सट्रा सीएपीएफ और आर्म पुलिस को तैनात किया है। शेष बूथों पर वेब कास्टिंग और मोबाइल वेन व माइक्रो ऑबजर्वेशन से मॉनिटरिंग करेंगे। नरपत सिंह ने बताया कि लोकसभा क्षेत्र में 4000 पुलिस कर्मी तैनात है। बूथ लेवल पर डिप्लॉय होने के साथ संवेदन शील व अतिसंवेदनशील बूथ पर एक्स्ट्रा होमगार्ड भी डिप्लॉय किए गए है। साथ ही सीएपीएफ का जाप्ता भी रहेगा। पुलिस मोबाइल टीम में चार जाब्ता तैनात रहेगा साथ ही 19 अधिकारियों को 15 पुलिसकर्मी का जाप्ता दिया गया है। हर विधानसभा क्षेत्र में 32 का जाब्ता तैनात किया गया है। डीसीपी इस्ट व वेस्ट के पास 75 पुलिसकर्मियों का जाब्ता रहेगा। 1 हजार से ज्यादा होमगार्ड तैनात रहेंगे। 100 से अधिक वोटर होमगार्ड व 600 से अधिक पैरा मिलट्री की फोर्स तैनात रहेगी। और लाइन में भी जाब्ते को रिजर्व रखा गया है। कुल चार हजार पुलिस कर्मी तैनात रहेंगे।

### बूथ वेब कास्टिंग के जरिए अभय कमान से जुडेंगे

जोधपुर में 2 हजार 134 बूथ में से आधे से अधिक बूथ वेबकास्टिंग के जरीए अभय कमान सेंटर से जुडेंगे। इसका वीडियो सर्विलांइस रुम में कलेक्टर व आयुक्त के निर्देश पर बनी अलग-अलग टीम विधानसभा वार मॉनिटरिंग करेंगी। और चेक करेंगे कि कितनी लंबी कतार है और कोई समस्या तो नहीं।

### जोधपुर रेंज में कुल 4400 बूथ

जोधपुर रेंज में तीन लोकसभा सीट जोधपुर, पाली व जैसलमेर-बाडमेर के चुनाव के लिए कुल 12000 पुलिसकर्मी की तैनाती की गई है। रेंज आईजी विकास कुमार ने बताया कि रेंज में कुल 4400 बूथ है। इन बूथ पर शांति पूर्वक चुनाव संपन्न करवाने व कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए 12000 पुलिसकर्मी तैनात किए गए है।

**सीएम ने चुनाव प्रबंधन प्रकोष्ठ का किया निरीक्षण**

# छह घंटे सीएम ने संभाला मोर्चा मतदान प्रतिशत बढ़ाने पर जोर

**बेधड़क | जयपुर**

लोकसभा चुनाव के पहले चरण में कम मतदान ने भाजपा नेताओं को अलर्ट मोड पर ला दिया है। भाजपा अंदर खाने इस बात को लेकर चिंतित है। ऐसे में अब दूसरे चरण में शुक्रवार को मतदान प्रतिशत बढ़ाने और बूथों तक मतदाताओं को पहुंचाने को लेकर पार्टी की सघन मॉनिटरिंग करेंगी। इसके लिए गुरुवार को कार्यकर्ताओं संग भाजपा मुख्यालय पर मंथन का दौर चला। इस दौरान सीएम ने भाजपा मुख्यालय में करीब 6 घंटे तक चुनावी चर्चा की, जिसमें दूसरे चरण में मतदान बढ़ाने पर फोकस किया गया।

वहीं, सीटवार पार्टी के नेताओं को फोन करके जिम्मेदारी दी गई है। इसके बाद मुख्यमंत्री ने मुख्यालय में हर विभाग में पहुंचकर काम का जायजा लिया और विजिट करते हुए सभी प्रकोष्ठों के कार्यकर्ताओं से मुलाकात की। सीएम ने इस दौरान पूर्व सीएम गहलोत के OSD रहे लोकेश शर्मा के आरोपों का हवाला देते हुए कांग्रेस पर हमला बोला। साथ ही सीएम ने प्रदेश के मतदाताओं से बेहतर लोकतंत्र के लिए बढ़ चढ़कर मतदान करने की अपील की।





### कांग्रेस के लोग ही कारनामे कर रहे उजागर

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कांग्रेस पर तंज कसते हुए कहा कि अब तो हमारे कहने की जरूरत ही नहीं बची। कांग्रेस के लोग ही कांग्रेस के कारनामों को उजागर कर रहे हैं। उन्होने कहा कि पूर्व सीएम गहलोत के ओएसडी की ओर से फोन टैप और पेपर लीक पर सार्वजनिक रूप से किए गए खुलासों के बाद अब कांग्रेस नेताओं के मुंह पर ताले लगे हुए हैं। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने प्रदेश की जनता को भ्रष्टाचार और पेपर लीक के आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की जो गारंटी दी थी, उसे पूरा करने के लिए हम लगातार प्रयासरत हैं। एसओजी ने त्वरित कार्रवाई करते हुए अभी तक 90 लोगों को गिरफ्तार किया है। हमने हमेशा कहा है कि भ्रष्टाचार को लेकर हम जीरो टोलरेंस की नीति के साथ जनता को पारदर्शी सरकार देने के वचन पर कटिबद्ध हैं। भ्रष्टाचार के किसी भी आरोपी को किसी भी सूरत में बख्शा नहीं जाएगा। राजस्थान की जनता भ्रष्टाचार, पेपरलीक करके युवाओं के साथ हुए कुठाराघात, तुष्टीकरण का जवाब देना चाहेगी। जनता इन सारी बातों का जवाब देने के लिए तैयार बैठी है।

### सीएम ने मतदाताओं से मतदान की अपील

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने दूसरे चरण की 13 सीटों पर होने वाले मतदान के लिए मतदाताओं से ज्यादा से ज्यादा मतदान करने की अपील की। उन्होंने कहा कि पहले मतदान फिर जलपान के संकल्प के साथ मतदाता पोलिंग बूथ तक पहुंचे। बाबा साहब भीमराव अंबेडकर की ओर से निर्मित संविधान ने प्रत्येक नागरिक को मतदान करने का अधिकार दिया है। हमें मजबूत और बेहतर लोकतांत्रिक मूल्यों वाली सरकार चुनने के लिए बढ़ चढ़कर मतदान में भाग लेना चाहिए। मत की ताकत से ही राष्ट्रनिर्माण की कल्पना साकार होगी। 19 अप्रैल को जिन 12 सीटों पर मतदान हुआ था, वहां बीजेपी को भारी बहुमत से जीत मिलेगी। वहीं, जिन 13 सीटों पर कल मतदान होगा, वहां भी बीजेपी जीतेगी। सीएम ने कहा कि 2014 और 2019 में बीजेपी ने राजस्थान में सभी 25 की 25 सीटें जीती थी। इस बार भी सभी 25 सीटें बीजेपी जीतेगी, क्योंकि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पर सभी को भरोसा है। वे राजस्थान सहित पूरे भारत को विकसित राष्ट्र बनाने की जो कल्पना है, उसे पूरा करेंगे।

**डोटासरा ने ली बैठक**

# पहले चरण के मतदान से उत्साहित कांग्रेस को दूसरे से भी आस




**बेधड़क | जयपुर**

लोकसभा चुनाव के दूसरे चरण में प्रदेश की 13 लोकसभा सीटों पर मतदान के चलते गुरुवार को कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा प्रदेश कांग्रेस कमेटी के वॉर रूम पहुंचे। उन्होंने संगठन के पदाधिकारियों के साथ अहम बैठक की और उनसे फीडबैक लिया।

दरअसल, दूसरे चरण के मतदान से पहले प्रचार का शोर बुधवार शाम को थम गया था। इन 13 सीटों पर कांग्रेस के प्रत्याशियों ने गुरुवार को दिनभर घर-घर जाकर मतदाताओं से संपर्क किया। इस बीच गोविंद सिंह डोटासरा गुरुवार शाम को पीसीसी वॉर रूम पहुंचे, जहां उन्होंने 13 सीटों पर मतदान की रणनीति को लेकर पार्टी पदाधिकारियों से विचार-विमर्श किया। वहीं, दूसरे चरण में जोधपुर, बाड़मेर-जैसलमेर, पाली, जालोर-सिरोही, राजसमंद, अजमेर, भीलवाड़ा, चित्तौड़गढ़, उदयपुर, बांसवाड़ा, टोंक-सवाई माधोपुर, कोटा-बूंदी, और झालावाड़-बारां लोकसभा सीट पर मतदान होगा। राजस्थान में लोकसभा चुनाव के पहले चरण में 12 सीटों पर 19 अप्रैल को मतदान हुआ है।

राजस्थान में पहले चरण में 12 सीटों पर 58 फीसदी के आसपास मतदान हुआ है। जो पिछले लोकसभा चुनाव की तुलना में करीब 8 फीसदी कम है। पहले चरण में मतदान कम होने से एक तरफ कांग्रेस का खेमा उत्साहित है। तो वहीं, भाजपा में इसे लेकर चिंता है। पहले चरण के मतदान के बाद उत्साहित कांग्रेस के नेताओं ने दूसरे चरण के लिए कार्यकर्ताओं में भी जोश फूंका है।

**हजार करोड़ का नेक्सा एवरग्रीन ठगी प्रकरण**

# आरोपियों की जमानत याचिका खारिज

**बेधड़क | जयपुर**

राजस्थान हाईकोर्ट ने गुजरात की धोलेरा सिटी में निवेश के बदले मोटा मुनाफा देने का झांसा देकर कई हजार करोड़ रुपए की ठगी करने वाले आरोपी रणवीर सिंह और सुभाष चन्द्र बिजरानिया को जमानत देने से इनकार कर दिया है। जस्टिस प्रवीर भटनागर ने यह आदेश दोनों आरोपियों की जमानत याचिका को खारिज करते हुए दिए।

अदालत ने अपने आदेश में कहा कि याचिकाकर्ता आरोपी यह कहकर फायदा नहीं उठा सकते कि उनका कुछ लोगों से राजीनामा हो गया है। रिकॉर्ड से साबित है कि याचिकाकर्ताओं ने



कई लोगों से चिट फंड कंपनी के जरिए रुपए ठगे हैं। ऐसे में आरोप पत्र में लगाए आरोपों को देखते हुए उन्हें जमानत का लाभ नहीं दिया जा सकता। जमानत अर्जी में कहा गया कि प्रकरण में उनके खिलाफ सीकर के उद्योग नगर थाने में धोखाधड़ी की एफआईआर दर्ज हुई थी। जिसमें बाद में प्राइज चिट्स एंड मनी सर्कुलेशन स्कीम प्रतिबंध अधिनियम और अनियमित जमा योजना अधिनियम के तहत भी धाराएं जोड़ी गई। याचिका में कहा गया कि उन्हें प्रकरण में फंसाया गया है। शिकायतकर्ताओं ने अपनी एफआईआर में उन्हें रुपए देने का दिन और समय की जानकारी नहीं दी है। इसके अलावा उनके खिलाफ दर्ज कुछ अन्य शिकायतों में राजीनामा हो चुका है। वहीं प्रकरण में आरोप पत्र पेश हो चुका है और वह लंबे समय से जेल में बंद है। इसलिए उन्हें जमानत दी जाए। जिसका विरोध करते हुए पीड़ित पक्ष के अधिवक्ता मोहित खंडेलवाल ने अदालत को बताया कि दोनों आरोपी नेक्सा एवरग्रीन कंपनी में पदाधिकारी हैं।

**सुबह सात बजे अलग-अलग बूथों पर करेंगे मतदान**

# प्रत्याशी भगवान के दर्शन कर डालेंगे वोट

**बेधड़क | जयपुर**

लोकसभा चुनाव 2024 के दूसरे चरण में शुक्रवार को मतदान होगा। भाजपा नेताओं के साथ लोकसभा से भाजपा प्रत्याशी, भाजपा के वरिष्ठ नेताओं द्वारा जहां आमजन से बढ़-चढ़कर मतदान करने की अपील की है, वहीं स्वयं भी पहले मतदान फिर जलपान का संकल्प लेंगे। भाजपा प्रदेशाध्यक्ष और चित्तौडगढ़ से भाजपा प्रत्याशी सीपी जोशी प्रातः 6.15 बजे सांवरिया सेठ मंदिर में दर्शन करने के बाद चित्तौड़गढ़ के मधुवन सेंथी स्थित सिद्धार्थ सामुदायिक भवन के बूथ नंबर 147 पर प्रातः7.15 बजे मतदान करेंगे। वहीं भाजपा



की राष्ट्रीय उपाध्यक्ष वसुंधरा राजे झालावाड के हाऊसिंग बोर्ड सामुदायिक भवन के बूथ नंबर 32 में प्रातः8 बजे मतदान करेंगी। राज्य सभा सांसद मदन राठौड़ पाली विधानसभा के बूथ संख्या 155 में, सांसद देवजी भाई पटेल सांचौर के बूथ संख्या 305 तथा पाली लोकसभा प्रत्याशी पीपी चौधरी बिलाडा विधानसभा के बूथ संख्या 118 में मतदान करेंगे। वहीं उपमुख्यमंत्री प्रेमचंद बैरवा झाग ग्राम पंचायत के बूथ संख्या 185 में प्रातः 7 बजे, सहकारिता मंत्री गौतम दक डूंगला की राजकीय प्राथमिक विद्यालय में बूथ संख्या 60 में, कैबिनेट मंत्री कन्हैया लाल चौधरी टोडा रायसिंह में बूथ संख्या 242, हीरालाल नागर कोटा के शिव ज्योति कॉन्वेंट में सुबह 7 बजे, मंत्री जोगेश्वर गर्ग बूथ संख्या 216 पर प्रातः 7 बजे मतदान करेंगे। अजमेर लोकसभा के अजमेर दक्षिण विधानसभा विधायक अनिता भदेल बूथ संख्या 134 में प्रातः 7 बजे, अजमेर उत्तर से विधायक वासुदेव देवनानी बूथ संख्या 64 में प्रातः 7 बजे मतदान करेंगे।

**कुल्हाड़ी से हत्या करने के मामले में पुलिस अधीक्षक से की मुलाकात**

# पुलिस पर सरकार और BJP प्रत्याशी का दबाव: गुंजल

**बेधड़क | जयपुर**

कापरेन थाना क्षेत्र के कोडक्या गांव में मंगलवार रात आयोजित भजन संन्ध्या में बैठे बनवारी लाल मीणा पर पुरानी रंजिश के चलते गांव के तेजमल गुर्जर द्वारा कुल्हाड़ी से हमला करने के मामले में प्रहलाद गुंजल ने पुलिस अधीक्षक से मुलाकात की। उन्होंने मतदान से पूर्व सच्चाई सामने लाने की मांग की। गुंजन ने आरोप लगाया कि पुलिस व प्रशासन सरकार के दबाव में काम कर रहा है। मामले ने अब राजनीतिक रूप ले लिया है और मतदान से पूर्व जातिगत विवाद गहरा गया है।



### कांग्रेस नेता की एसपी से तीखी नोकझोंक

पुलिस अधीक्षक से बातचीत के दौरान कांग्रेस नेता नरेश मीणा की तीखी बहस हो गई। इससे बातचीत का महौल बिगड़ गया। लेकिन मौके की नजाकत को समझते हुए गुंजल ने स्थिति को बिगड़ने से बचा लिया। इस दौरान पीसीसी सदस्य आनंदीलाल मीना, संदीप पुरोहित, अरबन बैक चेयरमेन सत्येश शर्मा, पूर्व प्रधान भगवान नुवाल, युवा कांग्रेस जिलाध्यक्ष निशांत नुवाल, रामदत मीणा आदि मौजूद थे।

### आरोपियों के नाम सार्वजनिक करें

बनवारी पर हुए हमले के बाद गुरुवार शाम कांग्रेस प्रत्याशी प्रहलाद गुंजल, कांग्रेस नेता नरेश मीणा, बूंदी विधायक हरिमोहन शर्मा, पूर्व जिला प्रमुख महावीर मीणा ने पुलिस अधीक्षक हनुमान प्रसाद मीना से मुलाकात की। उन्होंने पुलिस की ओर से बनवारी मीणा पर तेजमल गुर्जर द्वारा हमला करने के कारणों का खुलासा करने और घटनाक्रम के पीछे साजिश में कौन-कौन शामिल है। उनके नाम सार्वजनिक करने की मांग की गई है। गुंजल ने पुलिस अधीक्षक से कहा कि आरोपी व घायल में रंजिश पुरानी है। चुनाव के समय ही आरोपी को अज्ञात लोगों द्वारा भड़काकर हमला करवाया गया। जिससे गुर्जर समाज के प्रति जातिगत विद्वेष बढ़े और मतदान प्रभावित हो। पुलिस अधीक्षक से मुलाकात के दौरान गुंजल ने पुलिस पर सरकार के दबाव में काम करने का आरोप लगाया और घायल की हत्या की आशंका जताई।

# अयोध्या प्रभावना रथ का जनकपुरी में स्वागत

**बेधड़क | जयपुर**

जनकपुरी ज्योतिनगर जैन मंदिर में बुधवार को गणिनी आर्यिका 105 ज्ञान मति माताजी द्वारा अयोध्या तीर्थ की प्रभावना हेतु प्रवर्तित बहुत ही सुंदर रथ का जनकपुरी जैन समाज द्वारा भव्य स्वागत किया गया। प्रबंध समिति अध्यक्ष पदम जैन बिलाला अनुसार रथ में प्रतिष्ठित आदिनाथ भगवान की धातु की प्रतिमा विराजित है। रथ के साथ चल रहे अकलंक जैन ने रथ के प्रवर्तन का उद्देश्य समाज को समझाया तथा रथ में बैठने हेतु चार सोभाग्य शाली पात्रों के चयन हेतु बताया। सौधर्म इंद्र- प्रकाश चन्द बिना गंगवाल, कुबेर - जे के जैन



लाड देवी जैन, प्रथम आरती - पुष्पा बिलाला दीपिका बिलाला एवं पालना- प्रदीप मीना चाँदवाड पात्र चयनित हुए। आर्यिका विज्ञा श्री ने बताया कि अयोध्या पाँच तीर्थंकर की जन्म भूमि है तथा इस उस शास्वत तीर्थ का विकास का बीड़ा पूज्य ज्ञान मति माताजी ने उठाया है। प्रभावना रथ पर आर्यिका श्री ने स्वस्तिक बनाकर तथा सभी पात्रों को आशीर्वाद देकर गाजे बाजे के साथ जुलूस को रवाना किया।

दैनिक हिन्दी अख़बार

# सच बेधड़क

www.sachbedhadak.com | twitter.com/sachbedhadak | facebook.com/sachbedhadak
YouTube: youtube.com/@sachbedhadak | Instagram: instagram.com/sach_bedhadak

वर्ष: 3 | अंक: 136 जयपुर, शुक्रवार, 26 अप्रैल, 2024 | बैशाख, कृष्ण पक्ष- द्वितीया, विसं 2081 पृष्ठ: 10 | मूल्य: 2.00




## जरूरी खबर

### भारतीय उच्चायोग पर हमले का आरोपी गाबा धरा




**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय जांच एजेंसी ने गुरुवार को लंदन में भारतीय उच्चायोग पर हमले के मामले में बड़ी कामयाबी हाथ लगी। जांच एजेंसी ने इस हमले के मुख्य आरोपी इंदरपाल सिंह गाबा को गिरफ्तार कर लिया। एनआईए ने कहा कि इंदरपाल सिंह गाबा को लंदन में बीते साल 22 मार्च को हुए विरोध प्रदर्शन के दौरान गैर कानूनी गतिविधियों में शामिल था। यह विरोध प्रदर्शन लंदन स्थित इंडियन हाई कमीशन की बिल्डिंग पर खालिस्तान समर्थक प्रदर्शनकारियों की ओर से किए गए हमले के तीन तीन बाद किए गए थे। ऐसा बताया जा रहा है कि 19 मार्च को लंदन में इंडियन मिशन पर हुए हमले का मास्टरमाइंड अवतार सिंह खंडा उर्फ आजाद ऊर्फ रंजोध सिंह था। वह खुद को खालिस्तान लिबरेशन फोर्स का मुखिया बताता था। बीते हफ्ते ब्रिमिंघम के एक अस्पताल में उसकी मौत हो गई।

### सुरक्षाबलों और आतंकियों के बीच मुठभेड़, आतंकी ढेर

**जम्मू-कश्मीर।** कश्मीर संभाग के सोपोर में सुरक्षाबलों और आतंकियों के बीच मुठभेड़ चल रही है। इसमें एक आतंकी मार गिराया गया है। पुलिस, सेना और सीआरपीएफ की संयुक्त टीम इस ऑपरेशन को अंजाम दे रही है। जम्मू-कश्मीर पुलिस ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर पोस्ट कर मुठभेड़ के संबंध में जानकारी दी है। सुरक्षाबलों को सोपोर के मोहल्ला नौपोरा में आतंकी गतिविधि के बारे में इनपुट मिला था।

## लोकसभा चुनाव का दूसरा चरण: 88 सीटों पर 1206 कैंडिडेट के भाग्य का फैसला करेंगे वोटर

# EVM में कैद होगी दिग्गजों की किस्मत

**बेधड़क** | जयपुर

लोकसभा चुनाव 2024 के दूसरे चरण में शुक्रवार को 13 राज्यों की 88 सीटों पर वोटिंग होगी। 88 लोकसभा सीटों पर कुल 1206 उम्मीदवार मैदान में अपना भाग्य आजमा रहे हैं। दूसरे चरण में कांग्रेस के स्टार प्रचारक राहुल गांधी, शशि थरूर, लोकसभा स्पीकर ओम बिरला, गजेंद्र सिंह शेखावत, अभिनेत्री हेमा मालिनी, अरुण गोविल, नवनीत राणा, कर्नाटक के पूर्व मुख्यमंत्री एचडी कुमारस्वामी, तेजस्वी सूर्या, भूपेश बघेल, मध्य प्रदेश भाजपा प्रमुख वीडी शर्मा समेत कई कद्दावर नेता चुनाव में अपनी किस्मत आजमा रहे हैं।

वहीं राजस्थान में दूसरे अंतिम चरण के लिए 13 लोकसभा सीटों पर शुक्रवार सुबह 7 बजे से वोटिंग शुरू होगी, जो शाम 6 बजे तक चलेगी। इन 13 लोकसभा सीटों पर कुल 2 करोड़ 80 लाख 78 हजार 399 मतदाता हैं, जो 152 प्रत्याशियों के भाग्य का फैसला करेंगे। 13 लोकसभा निर्वाचन क्षेत्रों के 28,758 बूथों पर शांतिपूर्ण मतदान की जिम्मेदारी 1.72 लाख से अधिक कर्मचारियों पर होगी। दूसरे चरण में टोंक-सवाई माधोपुर, अजमेर, पाली, जोधपुर, बाड़मेर, जालोर, उदयपुर, बासंवाड़ा, चित्तौड़गढ़, राजसमंद, भीलवाड़ा, कोटा और झालावाड़-बारां लोकसभा सीटों पर मतदान होगा।

प्रदेश में दूसरे चरण के होने वाले चुनाव में दो पूर्व मुख्यमंत्रियों के बेटे भी चुनावी रण में है। पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत के पुत्र वैभव गहलोत जालोर और पूर्व मुख्यमंत्री वसुधंरा राजे के पुत्र दुष्यंत सिंह झालावाड़ से चुनाव मैदान में हैं। इसके अलावा लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला, केंद्रीय मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत, कैलाश चौधरी, अर्जुनराम मेघवाल, के भाग्य का फैसला शुक्रवार को ईवीएम में बंद हो जाएगा।

**2.80** करोड़ वोटर करेंगे 152 प्रत्याशियों के भाग्य का फैसला

**28758** बूथों पर होगा प्रदेशभर की 13 सीटों पर मतदान

**1.72** लाख से अधिक कर्मचारी कराएंगे वोटिंग

**82** हजार से अधिक सुरक्षाकर्मी किए तैनात

- मेरठ से 'राम' की तो मथुरा से हेमा मालिनी की प्रतिष्ठा दांव पर
- ओम बिरला, मंत्री गजेंद्र सिंह कैलाश चौधरी, अर्जुनराम मेघवाल का भी फैसला
- दो पूर्व सीएम के बेटों के भाग्य का फैसला भी होगा आज



### प्रधानमंत्री मोदी और राहुल गांधी को चुनाव आयोग का नोटिस

चुनाव आयोग ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और कांग्रेस नेता राहुल गांधी के बयानों पर आपत्ति के बाद कथित एमसीसी उल्लंघनों का संज्ञान लिया है। इस संबंध में चुनाव आयोग ने भाजपा और कांग्रेस के अध्यक्षों-जेपी नड्डा और मल्लिकार्जुन खरगे को नोटिस जारी किया है। दोनों पार्टी के शीर्ष नेताओं से 29 अप्रैल की सुबह 11 बजे तक जवाब मांगा गया है। बीजेपी और कांग्रेस दोनों पर धर्म, जाति, समुदाय या भाषा के आधार पर नफरत और विभाजन पैदा करने का आरोप लगाया था।

### सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम

मुख्य निर्वाचन अधिकारी प्रवीण गुप्ता ने बताया कि स्वतंत्र, निष्पक्ष और पारदर्शी चुनाव के लिए कानून व्यवस्था के पुख्ता इंतजाम किए गए हैं। इन क्षेत्रों में 1.72 लाख से अधिक मतदान कर्मियों की ड्यूटी लगाई गई है। इसके साथ ही शांतिपूर्ण वोटिंग के लिए 82 हजार 487 सुरक्षाकर्मियों की ड्यूटी लगाई गई है। इनमें राजस्थान पुलिस के कार्मिकों के साथ-साथ, होमगार्ड, फोरेस्ट गार्ड एवं आरएसी के जवानों को तैनात किया गया है। केंद्रीय पुलिस बलों की 175 कंपनियां भी मतदान के दौरान कानून व्यवस्था एवं सुरक्षा का जिम्मा संभालेंगी।

### पाली में ज्यादा तो अजमेर में कम वोटर

दूसरे चरण में 13 लोकसभा निर्वाचन क्षेत्रों में 1 करोड़ 44 लाख 48 हजार 966 पुरुष, 1 करोड़ 36 लाख 2 हजार 272 महिला और 324 थर्ड जेंडर मतदाता पंजीकृत हैं। 18-19 वर्ष आयु के 8 लाख 66 हजार 325 नव मतदाता पंजीकृत हैं, पंजीकृत दिव्यांग मतदाताओं की संख्या 3 लाख 22 हजार 829 और 85 वर्ष से अधिक आयु के 3 लाख 1 हजार 742 मतदाता पंजीकृत हैं। पाली में सर्वाधिक 23 लाख 48 हजार 274 मतदाता पंजीकृत हैं, अजमेर लोकसभा क्षेत्र में सबसे कम 19 लाख 99 हजार 399 मतदाता पंजीकृत हैं।

## जैसलमेर: दुर्घटना के बाद कोर्ट ऑफ इन्क्वायरी के आदेश

# वायुसेना का टोही विमान हुआ क्रैश



हादसे की सूचना पर वायुसेना और जिला प्रशासन के अधिकारी मौके पर पहुंचे

**बेधड़क** | जैसलमेर

भारतीय वायु सेना का एक टोही विमान गुरुवार को राजस्थान के जैसलमेर इलाके में दुर्घटनाग्रस्त हो गया। यह विमान हादसा जैसलमेर जिला मुख्यालय से करीब 30 किलोमीटर दूर हुआ है।

रोजानियों की ढाणी और जजिया गांव के बीच में दुर्घटनाग्रस्त हुए इस विमान का मलबा दूर-दूर तक फैल गया है। विमान के मलबे में आग लगने के बाद स्थानीय ग्रामीणों ने बुझाने की कोशिश भी, लेकिन विमान का मलबा धधकता रहा। इस हादसे में कोई जनहानि नहीं हुई है। विमान हादसे की जानकारी मिलते ही जिला प्रशासन के साथ वायु सेना के अधिकारी मौके पर पहुंचे। फायर ब्रिगेड की टीमें भी मौके पर पहुंची और टोही विमान के मलबे में लगी आग पर काबू पाया गया। इस मानव रहित विमान की उड़ान वायु सेना की ओर से बॉर्डर इलाके में नियमित रूप से संचालित की जाती है। आसमान से सीमा पार और सीमा क्षेत्र में जासूसी गतिविधियों पर नजर रखी जाती है। जैसलमेर पुलिस अधीक्षक सुधीर चौधरी ने बताया कि विमान ग्रामीण इलाके के खाली क्षेत्र में गिरा था, जिसके कारण किसी तरह की जान माल की हानि नहीं हुई।

## पटना के होटल में भीषण आग, छह लोगों की मौत



**एजेंसी** | पटना

राजधानी पटना के सबसे व्यस्त इलाका कहे जाने वाले पटना जंक्शन के निकट होटल में आज गुरुवार दोपहर आग लग गई। आग लगने की इस घटना में 6 लोगों की मौत हो गई। मरने वालों में तीन महिलाएं और तीन पुरुष शामिल हैं।

पटना सेंट्रल एसपी चंद्र प्रकाश ने मौत की पुष्टि है। उन्होंने बताया कि आग लगने की इस घटना में 20 लोग घायल हुए। इसमें दो की हालत चिंताजनक बनी हुई है। घायलों का इलाज पटना के पीएमसीएच में चल रहा है।

पाल होटल में लगी आग कितनी भयंकर थी, इसका अंदाजा इसी से लगाया जा सकता है कि करीब 20 से ज्यादा लोगों ने अपनी जान बचाने के लिए होटल की बिल्डिंग से ही छलांग लगा दी। आग से झुलसते हुए लोगों ने अपनी जान बचाई, तो कुछ लोगों ने आग में ही दम तोड़ दिया। जिला प्रशासन ने बताया कि होटल में लगी आग से 20 लोगों को रेस्क्यू कर निकाल लिया गया, लेकिन 6 लोगों की दर्दनाक मौत इस आग लगी की घटना में हो गई।

## पेपर लीक और गैंगस्टरों के बाद भजन सरकार का एक्शन

# कांग्रेस सरकार के घोटालों की जांच के लिए बनेगी SIT

**बेधड़क** | जयपुर

पेपर लीक माफियाओं और गैंगस्टरों की धरपकड़ के बाद अब कांग्रेस सरकार में बड़े घोटाले करने वालों के खिलाफ भी कार्रवाई करने के लिए एसआईटी गठित की जाएगी। इसके लिए सरकार ने पुलिस मुख्यालय व एसीबी समेत छह विभागों से पांच साल में हुए बड़े घोटालों की रिपोर्ट मांगी हैं। सूत्रों ने बताया कि एसआईटी की जिम्मेदारी एडीजी रैंक के अफसर को दी जाएगी। पुलिस अधिकारियों के साथ में एसआईटी में आईएएस या फिर आरएएस रैंक के अफसर को भी शामिल किया जा सकता है। इसको लेकर गृह विभाग द्वारा तैयारी की जा रही है। कांग्रेस सरकार के दौरान सरकारी विभागों में छुपाई गई करोड़ों रुपए की नकदी व सोना मिलने के प्रकरण, बिजली घोटाला, खनन घोटाले, आईटी घोटाला, मिड डे मील घोटाला, पीएम आवास योजना, जल जीवन मिशन और पुलिस में हुए भ्रष्टाचार के मामलों समेत अन्य प्रकरण की जांच एसआईटी को दी जाएगी। सरकार के पत्राचार के बाद पुलिस व एसीबी के अफसरों द्वारा तथ्यात्मक रिपोर्ट तैयार की जा रही है। माना जा रहा है जांच रिपोर्ट में कई आईएएस, आईपीएस अधिकारी व कांग्रेस सरकार में रहे कुछ मंत्रियों के नाम शामिल है।



### 60 करोड़ का खान घोटाला

पड़ताल में सामने आया कि कांग्रेस सरकार के कार्यकाल में खान विभाग के स्टॉक में 60 करोड़ रुपए से ज्यादा घोटाला होने का आरोप लगा था। इस मामले की जांच ईडी भी कर रही है। इस घोटाले में अवैध बजरी खनन और अरावली हिल्स में अवैध खनन का घोटाला करना भी शामिल है।

**जल जीवन मिशन घोटाला:** जल जीवन मिशन में गणपति ट्यूबवेल्स की तरह ही कई अन्य फर्मों को भी नियमों की अनदेखी कर टेंडर जारी किए थे। इनमें मांगीलाल बिश्नोई, विष्णु प्रताप और जीआर इंफ्रा. फर्म शामिल है। इन फर्मों को करीब 1300 करोड़ रुपए का काम दिया गया है। एसीबी ने इस मामले में कुछ लोगों की गिरफ्तारी की थी, लेकिन बड़े लोगों का नाम सामने आने के बाद एसीबी की जांच आगे नहीं बढ़ पाई। इस मामले की जांच ईडी भी कर रही है।

**छह से ज्यादा मामलों की शिकायत पर होनी है जांच:** डीओआईटी में कैग ने कई प्रोजेक्ट को लेकर कई बार आपत्ति जताई थी, लेकिन सबकी इसमें मिलीभगत होने के कारण कोई कार्रवाई नहीं हुई। इसके अलावा 640 करोड़ रुपए के ई-मित्र प्लस मशीन प्रोजेक्ट, 150 करोड़ का मैन पावर हायरिंग प्रोजेक्ट, ई मित्र एटीएम, भामाशाह डिजिटल पेमेंट किट में भी राजकॉम्प पर गड़बड़ियों के आरोप शामिल हैं। योजना भवन में डीओआईटी का दफ्तर है। इस दफ्तर की अलमारी से एक किलो सोने के बिस्किट और 2 करोड़ 31 लाख 49 हजार 500 रुपए का कैश बरामद हुआ था।

**जरूरी खबर**

### पानी की मांग को लेकर टंकी पर चढ़ी महिलाएं




**भरतपुर।** जिले के भुसावर थाना इलाके में पानी नहीं आने से नाराज महिलाएं पानी की टंकी पर चढ़ गई। इसके अलावा लोगों ने जलदाय विभाग के कार्यालय पर तालाबंदी कर दी। घटना की सूचना पर जलदाय विभाग के एईएन तुरंत मौके पर पहुंचे और जल्द भी पानी आने का आश्वाशन दिया। इसके 1 घंटे के बाद महिलाएं पानी की टंकी से उतरी। बरपाड़ा कॉलोनी की महिलाओं ने बताया कि, 2 दिन से उनके घरों में पानी नहीं आ रहा। जिसके कारण उन्हें परेशानी उठानी पड़ रही है। इसलिए वह पानी की मांग को लेकर पानी की टंकी पर चढ़ी हैं। महिलाएं सुबह 7 बजे पानी की टंकी पर चढ़ी और, 1 घंटे बाद 8 बजे पानी की टंकी से उतर गई।

### दिनदहाड़े चोरी करते एक युवक को पकड़ा

**चाकसू।** चाकसू कस्बे के नीलकंठ रोड स्थित रावत कॉलोनी में दिन दहाड़े चोरी करते एक युवक को लोगों ने दबोच लिया। स्थानीय लोगों ने आरोपी युवक की धुनाई कर दी और पुलिस को सूचना दी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने आरोपी युवक को थाने लाकर पूछताछ शुरू कर दी है। आरोपी युवक ने खुद को निमोडिया गांव निवासी महेश बताया है। फिलहाल पुलिस आरोपी युवक से पूछताछ कर रही है। स्थानीय वार्ड-18 की पार्षद राधा देवी अपने पति रामदयाल शर्मा के साथ मौक़े पर पहुंची और पुलिस से चोर बदमाशों पर कड़ी कार्रवाई की मांग की हैं।

### महिला टीचर और बेटी का बाथरूम में मिला शव



**अलवर।** फ्लैट में 25 साल की महिला टीचर और उसकी चार साल की बेटी का शव मिलने से सनसनी फैल गई। शव करीब 8 दिन पुराना बताया जा रहा है। घटना खैरथल जिले में एक बिल्डिंग में दसवीं मंजिल पर स्थित फ्लैट की है। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर फ्लैट के बाथरूम से मृतका सिवान की रहने वाली 25 साल की आकांक्षा उर्फ ऋतु चार साल की बेटी नाव्या पांडे शव को कब्जे में लेकर सरकारी अस्पताल की मोर्चरी में रखवाया है। वहीं मृतक महिला का पति फिलहाल फरार उसकी तलाश जारी है।

**शहर के परकोटे के भीतर जगह-जगह पर गवर माता को किया जाएगा विराजमान**

# धींगा गवर का मेला कल, छड़ी से पिटने को उमड़ेंगे युवक

**बेधड़क | जोधपुर**

अखंड सुहाग की कामना और घर में खुशहाली के लिए धींगा गवर मेला क्षेत्र में हर्षोल्लास शनिवार को मनाया जाएगा। धींगा मेला देश-दुनिया में सबसे अनूठा है। इसमें शहर के परकोटे के भीतर की गलियों में जगह-जगह पर गवर माता को विराजमान किया जाएगा।

पूरी रात भीतरी शहर की सड़कों पर महिलाएं ही महिलाएं ही दिखाई देगा। व्रती महिलाएं अलग-अलग रूप धर कर आएंगी। वहीं फिलहाल अभी घर-घर में गवर का पूजन चल रहा है। मालूम हो कि इस पूजन में विवाहिता के साथ विधवा महिलाएं भी शामिल होती हैं। जबकि इससे पहले सम्पन्न हुए गणगौर उत्सव में कुंवारी युवतियों को भी शामिल किया जाता है। त्यौहार को लेकर महिलाओं में उत्साह दिखाई दे रहा है।



### करोड़ों के आभूषण से लक दक दिखेंगी माता

गली मोहल्ले में विराजमान होने वाली गवर माता को करोड़ों रुपए के आभूषण भी पहनाए जाएंगे, जो क्षेत्र के समृद्धि का प्रतीक होगा। इनमें भीतरी शहर के सुनारों की घाटी, नवचोकिया, हठड़ियों का चौक, चाचा की गली सहित करीब 20 जगह पर माता विराजमान होंगी। जिन्हें 5 किलो से लेकर 15 किलो तक का सोना पहनाया जाएगा। खास बात यह है कि यह सोना मोहल्ले के लोग अपने अपने घर से लाते हैं और कार्यक्रम पूरा होने के बाद वापस ले जाते हैं।



### 'बेंत मार मेले' नाम से पहचान

धींगा गवर के इस मेले को बेंत मार मेला भी कहा जाता है। व्रत करने वाली महिलाएं रात को अपने हाथों में लकड़ी की छड़ी लेकर निकलती हैं। माना जाता है कि किसी कुंवारे युवक पर अगर छड़ी मारी जाती है, तो उसकी सगाई या शादी जल्दी हो जाती है। हालांकि बदलते समय के साथ-साथ हर महिला और युवतियां भी छड़ी लेकर चलने लगी हैं।

### आज होगा समापन

धींगा गवर का पूजन 16 दिन चलता है, जो शुक्रवार को समाप्त हो जाएगा। इस दौरान जो महिलाएं पूजा करती हैं, वे व्रत रखती हैं। इस व्रत में नमक खाना प्रतिबंधित होता है। सबसे खास बात यह है कि यह व्रत विवाहिता या विधवा महिलाएं ही रख सकती हैं। कुंवारी कन्याओं को यह पूजन वर्जित किया गया है।

**एसएमए नामक दुर्लभ बीमारी से पीड़ित है 23 माह का मासूम अर्जुन**

# अर्जुन को बचाने के लिए अब और चाहिए 1.80 करोड़ रुपए

**बेधड़क | नीमकाथाना/जयपुर**

जिले के स्यालोदडा के 23 माह के मासूम अर्जुन स्पाइनल मस्क्यूलर एस्ट्रोफी (SMA TYPE-1) बीमारी से पीड़ित हैं। अर्जुन की जिंदगी बचाने के लिए अब 10 दिन के अंदर 1 करोड़ 80 लाख रुपए की जरुरत है। मासूम को Zolgensma इंजेक्शन लगाकर जान बचाई जाएगी। अब तक क्राउड फंडिंग से 6 करोड़ 50 लाख रुपए से अधिक जुटाए जा चुके हैं। गुरुवार को नीमकाथाना शहर के श्री विश्वकर्मा मंदिर में एक दिवसीय फंडिंग कार्यक्रम का रखा गया। कार्यक्रम में जिला कलेक्टर शरद मेहरा भी पहुंचे। लोगों से अधिक से अधिक सहयोग करने की अपील की। अर्जुन के पिता पंकज जांगिड़ सिटी स्कैन मशीन टेक्निशियन हैं। वहीं मां पूनम जांगिड़ जयपुर में गवर्नमेंट स्कूल द्वारकापुरी मानसरोवर में प्रयोगशाला सहायक पद पर पदस्थ है। अर्जुन के दादा रामजीलाल जांगिड़ ने लोगों से मदर की अपील की है।

**■ जयपुर में प्रयोगशाला सहायक के पद पर है मां पूनम जांगिड़**






### 17.50 करोड़ का इंजेक्शन 2 साल में लगना जरूरी

बता दें कि अर्जुन को लगने वाले इस इंजेक्शन की कीमत 17.50 करोड़ है। इंजेक्शन बनाने वाली कंपनी ने 8.50 करोड़ रुपए में इंजेक्शन देने और बाकी रकम किश्तों में लेने के लिए मान गई है। 6 करोड़ 50 लाख रुपए जुट गए हैं, बाकी के 1 करोड़ 80 लाख रुपए जुटाने के लिए 10 दिन ही हाथ में है, क्योंकि यह इंजेक्शन अर्जुन के 2 साल की उम्र का होने से पहले लगाना जरूरी है। इसके बाद इंजेक्शन भी काम नहीं करेगा। इस दौरान सहयोग करने वाले लोगों का भी सम्मान किया गया।

### तंत्रिकाओं को प्रभावित करती है ये बीमारी

अर्जुन दुर्लभ बीमारी एसएमए टाइप-1 से पीड़ित है, जो इस बीमारी का सबसे गंभीर रूप है। ये बीमारी मुंह और गले की मांसपेशियों का नियंत्रण करने वाली तंत्रिकाओं को प्रभावित करती है। इसमें चबाने और निगलने से संबंधित समस्याएं अधिक होती हैं। रोग के सभी प्रकारों में श्वसन पेशियां अलग-अलग स्तर तक शामिल रहती हैं। एसएमए टाइप-1 में रोग का आरंभ बच्चे के जीवन के आरंभिक छह महीनों के अंदर दिखने लगता है। इससे पीड़ित बच्चे सहारे के बिना बैठ नहीं पाते और आमतौर पर दो वर्ष का होने से पहले ही उसकी मौत हो जाती है। इसका इलाज सिर्फ ZOLGENS-MA इंजेक्शन ही है। अर्जुन अभी 23 महीने का है।

### दस हजार बच्चों में से एक में होती है ऐसी बीमारी

जेके लॉन अस्पताल के एसोसिएट प्रोफेसर प्रियांशु माथुर बताते हैं कि डब्ल्यूएचओ के अनुसार दुनिया भर में पैदा होने वाले 10 हजार बच्चों में एक बच्चा एसएमए रोग से प्रभावित होता है। अक्सर परिजन बच्चों में स्पाइनल मस्कुलर एट्रोफी (एसएमए) के लक्षण को नजरअंदाज कर देते हैं। जिससे ख़तरनाक स्थिति उत्पन्न हो जाती है। क्योंकि इस बीमारी में एसएमए वाले बच्चों की अक्सर शारीरिक क्षमताएं प्रभावित होती हैं, लेकिन बौद्धिक रूप से यह सक्षम होते हैं। लेकिन निश्चित समय बाद इसका इलाज नहीं हो पाता है।

**आशापुरा माताजी के दर्शन करने जा रहे थे**

## हादसे में बाइक सवार भाई-बहन की मौत





**बेधड़क | बाली**

पाली जिले के बाली में देसूरी इलाके में गुरुवार को तेज रफ्तार कार की टक्कर से बाइक सवार भाई-बहन की मौत हो गई। हादसा इतना भीषण था कि टक्कर के बाद भाई-बहन उछलकर 40 फीट दूर जाकर गिरे। दोनों बाइक से आशापुरा माताजी के दर्शन करने जा रहे थे। हादसे के बाद कार ड्राइवर मौके से फरार हो गया। वहीं उसके एक साथी को लोगों ने पकड़कर पुलिस के हवाले कर दिया।

पुलिस के अनुसार हादसा नाडोल-नारलाई मार्ग पर हुआ। सांसरी निवासी महेंद्र देवासी(22) और उसकी बहन भंवरी(40) की मौत हो गई। भाई-बहन बाइक से गुरुवार सुबह 9 बजे घर से माताजी के दर्शन के लिए निकले थे। सांसरी से करीब 50 किलोमीटर दूर मुंडारा माताजी के दर्शन करने के बाद वहां से आशापुरा माताजी के दर्शन करने जा रहे थे। इसी दौरान गुडा पृथ्वीराज के पास मंदिर से करीब 4 किलोमीटर पहले कार ने बाइक को टक्कर मार दी। हादसे में बाइक सवार भाई-बहन सड़क से करीब 30-40 फीट दूर उछलकर गिरे, जिससे दोनों की मौके पर ही मौत हो गई। पुलिस ने बताया कि भाई-बहन के साथ दूसरी बाइक पर चचेरा भाई शंकर और उसकी पत्नी सुंदर भी गए थे। अस्पताल पहुंचे परिजनों ने बताया कि भंवरी अपने पति के साथ पुणे में रहती थी। वहां उसका पति किराना कारोबारी है। महेंद्र की शादी नहीं हुई। वह अपनी बहन के पास पुणे में ही रहकर प्राइवेट नौकरी करता था। महेंद्र के पिता ठाकराराम का हार्ट का ऑपरेशन हुआ था, इसलिए दोनों महीने भर पहले ही गांव आए थे। महेंद्र के एक भाई और है। शुक्रवार को पुलिस शवों का पोस्टमॉर्टम करवा। फिलहाल शवों को देसूरी के सामुदायिक अस्पताल में रखवाया गया है।

**पत्नी की मौत का लेना चाहता था बदला**

## कुल्हाड़ी से युवक पर हमला करने के आरोपी को पुलिस ने किया गिरफ्तार

**बेधड़क | बूंदी**

जिले के कोडक्या में भजन संध्या के दौरान युवक पर कुल्हाड़ी से जानलेवा हमला कर घायल करने वाले आरोपी को कापरेन पुलिस ने वारदात के 24 घंटे में गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी सड़क हादसे में पत्नी की मौत के मामले में घायल बनवारी को दोषी मानता था और बदला लेने के लिए इस घटना का अंजाम दिया।

कापरेन एसएचओ कमल सिंह ने बताया कि कोडक्या गांव में हनुमान जन्मोत्सव के दौरान हो रही भजन संध्या में कुल्हाड़ी



से हमला कर गंभीर घायल करने के आरोपी तेजमल गुर्जर को पुलिस ने गुरुवार को गिरफ्तार कर लिया। आरोपी वारदात के बाद जंगलों में फरार हो गया था। बाद में भागने के चक्कर में वाहन की तलाश करते हुए सड़क तक पहुंचा, तो पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। पुलिस आरोपी से वारदात को लेकर पूछताछ कर रही है। हमले के पीछे एक साल पहले हुए एक ट्रैक्टर-ट्रॉली हादसे को प्रमुख कारण बताया जा रहा है। ट्रैक्टर में उसकी पत्नी सवार थी और एक ग्रामीण के साथ मौत हो गई। समय ट्रैक्टर-ट्रॉली को बनवारी चला रहा था। हादसे को लेकर आरोपी बनवारी को दोषी मानता था और पत्नी की मौत का बदला लेने की फिराक में रहता था। पुलिस ने आरोपी को गुरुवार को बूंदी कोर्ट में पेश किया जहां से जेल भेज दिया।

**सीसीटीवी में कैद हुई वारदात, पुलिस से लगाई न्याय की गुहार**

## बुजुर्ग दंपती से बहू-पोतियों ने की मारपीट

**बेधड़क | अलवर**

शहर के अरावली विहार थाने में एक बुजुर्ग दंपत्ति ने बहू और पोतियों के खिलाफ मारपीट का आरोप लगाया है। बुजुर्ग ने मारपीट का वीडियो दिखाया है। दरअसल शहर के विवेकानंद नगर में 76 साल के बीरबल सैनी का घर है। बीरबल के तीन बेटे है। 6 साल पहले सबसे बड़े बेटे की मौत हो गई।

दो बेटे अलवर से बाहर रहते हैं। बीरबल अपने बड़े बेटे की पत्नी के साथ रहते हैं। पीड़ित बुजुर्ग बीरबल सैनी ने बताया, "मैं 76 साल का हो गया हूं। मेरी पत्नी लाली देवी की उम्र 70 साल





है। हम दोनों बहुत बेबस हो गए हैं। बड़े बेटे रमेश की बीमारी से मौत हो गई थी। उसकी पत्नी मीना और तीन बेटियों और एक बेटे को अपनी जिम्मेदारी माना और पालने लगा। इसके बाद संपत्ति को लेकर उनके मन में लालच आ गया और संपत्ति हड़पने के लिए अत्याचार शुरू कर दिए। छोटी-छोटी बातों पर मारपीट और गाली गलौज की जानी शुरू कर दी। उन्होंने बताया कि इसके बाद बहू और पोती आए दिन मारपीट और बदसलूकी करने लगीं। वे चाहती हैं कि हम अपना मकान उनके नाम कर दें। इसी बात को लेकर झगड़ा करने लगे। मेरी पत्नी लाली देवी को भी कई बार पीटा था, जिसके बाद मजबूरी में घर में सीसीटीवी कैमरें लगवाने पड़े। सीसीटीवी फुटेज में बहू अपनी सास को कमरे के गेट से धक्का मारते दिख रही है। 70 साल की बुजुर्ग महिला धक्के के बाद कमरे की चौखट पर गिरकर बेहोश हो जाती है।

**संभागीय आयुक्त वंदना सिंघवी ने ली बैठक**

# स्वच्छ कार्य स्थल पर होता है सकारात्मक ऊर्जा का संचार: सिंघवी

**बेधड़क | सीकर**

संभागीय आयुक्त सीकर वंदना सिंघवी ने गुरूवार को जिला कलेक्ट्रेट सभागार में विभागीय अधिकारियों की बैठक ली। संभागीय आयुक्त ने कहा कि स्वच्छ वातावरण निर्माण के लिए गंभीर होकर कार्य किया जाए। समस्त कार्यालयों में साफ-सफाई में सभी का सहयोग अनिवार्य है। स्वच्छ कार्य स्थल से सकारात्मक ऊर्जा का संचार होता है और कार्य क्षमता में बढ़ोतरी होती है। सभी अधिकारी इसे गंभीरता से लें।
आने वाले दो सप्ताह में प्रत्येक शनिवार व रविवार को अपने-अपने कार्यालयों को स्वच्छ बनाने का लक्ष्य पूर्ण करें। उन्होंने गर्मी के मौसम में पेयजल व्यवस्थाएं सुचारू रखने के साथ ही जल जीवन मिशन में पेयजल की गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखने तथा प्रत्येक विभागीय अधिकारियों को अपने फील्ड में आने वाली समस्याओं का 15 दिन में चिन्हीकरण कर निस्तारण करने के निर्देश दिये।
बैठक में अतिरिक्त संभागीय आयुक्त पुरूषोत्तम शर्मा, पुलिस अधीक्षक सीकर भुवन भूषण यादव, सीईओ जिला परिषद सीकर नरेन्द्र सिंह पुरोहित, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक गजेन्द्र सिंह जोधा, अतिरिक्त जिला कलेक्टर सीकर रणजीत सिंह, उप महानिरीक्षक पंजीयन एवं मुद्रांक भागीरथ शाख, समस्त जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहें।



**नियमित जनसुनवाई करें अधिकारी**

प्रतिदिन जनसुनवाई के निर्देश देते हुए संभागीय आयुक्त वंदना सिंघवी ने कहा कि जैसा व्यवहार हम स्वयं के लिए चाहते हैं, वैसा सभी परिवादियों के साथ करें। बहुत उम्मीद और मजबूरी में आमजन सरकारी कार्यालयों में आते हैं। परिवादी के होने लायक कार्यों का त्वरित निस्तारण हो तथा नहीं होने लायक कार्यों के समाधान के लिए संवेदनशील होकर आवश्यक मागदर्शन दें। कार्यालय के बाहर जनसुनवाई समय का बोर्ड चस्पा करवाएं व समस्याओं का वास्तविक निस्तारण किया जाए। किसी क्षेत्र, गांव या समूह विशेष की समस्याओं का विभाग अपने स्तर पर भी चिन्हीकरण करें जिससे आवश्यक स्तर पर समाधान करवाने के लिए प्रस्ताव भिजवाए जा सकें।

### हर पंचायत समिति में 15 स्कूल बने मॉडल

संभागीय आयुक्त ने कहा कि संपर्क पोर्टल पर प्राप्त होने वाले प्रकरणों का उचित समय पर निस्तारण करना सुनिश्चित करें, जिससे आमजन को समस्याओं से समय पर निजात मिल सके। उन्होंने मुख्य कार्यकारी अधिकारी जिला परिषद एवं जिला शिक्षा अधिकारी को प्रत्येक पंचायत समिति में पांच प्राइमरी, पांच उच्च प्राथमिक तथा 5 बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालयों को मॉडल स्कूलों के रूप में विकसित किए जाने के लिए समन्वित कार्ययोजना बनाकर स्कूलों में शौचालय,पेयजल जैसी सुविधाओं को मॉडल रूप में विकसित करवाने के निर्देश दिए। बैठक में जिला कलेक्टर कमर उल जमान चौधरी ने संभागीय आयुक्त को विश्वास दिलवाया कि बैठक में दिये गये दिशा-निर्देशों की अक्षरश: पालना सुनिश्चित करते हुए उनकी मंशानुरूप सभी विभागीय अधिकारी टीम भावना के साथ कार्य करेंगे।

### सड़कों पर सफेद लाइन बनाकर वाहनों को रोकें

संभागीय आयुक्त सिंघवी ने सभी विभागों को विभागीय योजनाओं का एक विजन डोक्यूमेंट तैयार करने के निर्देश दिए। उन्होंने सार्वजनिक निर्माण विभाग को शहर की मेजर सड़कों पर सफेद लाईनिंग करवाने के निर्देश दिये ताकि लोग सड़क पर वाहन नहीं खड़ा करें। उन्होंने कहा कि नगर परिषद व जिला परिषद सहित सभी विभागों को वृक्षारोपण की कार्य योजना तैयार करने के साथ ही सड़कों के बीच में सौंदर्यकरण के लिए पौधारोपण करवाये जाने के निर्देश दिये।

**जरूरी खबर**

## बिना वाहन लाए नहीं बन पाएगा प्रमाण पत्र




**जयपुर।** बिना प्रदूषण जांच केंद्र पर आने वाले कबाड़ वाहनों के पॉल्यूशन सर्टिफिकेट जारी करने के मामले में परिवहन विभाग एक्शन मोड में आ गया है। प्रदूषण जांच केंद्र पर बिना आने वाहनों के प्रमाण पत्र बनाने वाले तीन के केंद्रों को परिवहन विभाग ने निलंबित कर दिया है। उन्होंने प्रदेशभर के सभी आरटीओ-डीटीओ से 15 मई तक सभी पॉल्यूशन सेंटरों की जांच करके रिपोर्ट मांगी है। बिना वाहन आने पर बनाने वाले प्रमाण पत्र की जांच केंद्रों में चित्तौड़गढ़ में छोटी सादड़ी में पायल पीयूसी सेंटर और प्रतापगढ़ में वीएसएस सेंटर को निलंबित किया गया है। अब इन सेंटरों को वाहनों के पॉल्यूशन सर्टिफिकेट जारी नहीं कर सकेंगे। परिवहन आयुक्त डॉ।

## ईडी अधिकारी बनकर बुजुर्ग से की ठगी

**जयपुर।** जयपुर में बदमाशों ने खुद को ईडी अधिकारी बताकर बुजुर्ग को ठग लिया। बुजुर्ग ने दो बार में 5 लाख से ज्यादा रुपए ट्रांसफर कर दिए। ठगी का पता चलने पर पीड़ित ने बजाज नगर थाने में केस दर्ज करवाया है। बजाज नगर थाना पुलिस ने बताया- गोपालपुरा मोड़ हिम्मत नगर के रहने वाले राजेन्द्र भंडारी (64) के साथ ठगी हुई है। 11 अप्रैल को सुबह 11 बजे उनके मोबाइल पर फोन आया। फोन करने वाले ने खुद को ED का अधिकारी बताया। कहा- आपके आधार कार्ड से फर्जी सिम खरीद कर फर्जी बैंक खाता केनरा बैंक में खोला गया है। 2 करोड़ रुपए का लेन-देन किया गया है। इसके चलते तुम्हें गिरफ्तार किया जाएगा। पीड़ित ने बदमाशों की धमकी सुनकर बदमाशों के दिए दोनों खाते में दो बार में 5 लाख 92 हजार रुपए डाल दिए। एक खाते में 2,64,000 और दूसरे खाते में 3,28,000 डाल दिए।

**पर्यटन को बढ़ावा देने की कवायद, मुख्य सचिव सुधांश पंत की अध्यक्षता बैठक**

# जयपुर में 'द ग्रेट इंडियन ट्रैवल बाजार 2024' पांच मई से

**बेधड़क** | जयपुर

पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए जयपुर में 5 से 7 मई को 'द ग्रेट इंडियन ट्रैवल बाजार' आयोजित होगा। तीन दिवसीय 'द ग्रेट इंडियन ट्रैवल बाजार' की तैयारियों के संबंध में मुख्य सचिव सुधांश पंत की अध्यक्षता में शासन सचिवालय में बैठक आयोजित की गई। मुख्य सचिव ने इस आयोजन में राजस्थान की पर्यटन विशेषताओं को मुख्य रूप से प्रस्तुत किए जाने पर जोर दिया। आयोजन में स्टेक होल्डर्स, जिसमें विदेशी डेलिगेट्स को राजस्थान की परंपरा के अनुसार आमंत्रित करने के निर्देश दिए। उन्होंने राजस्थानी



व्यंजनों को बढ़ावा दिए जाने के लिए आयोजन के दौरान कम से कम एक बार के भोजन में राजस्थान के व्यंजनों को प्रमुखता से शामिल करने के निर्देश दिए। सीएस पंत ने तीन दिवसीय आयोजन के उद्घाटन कार्यक्रम को अधिक आकर्षक बनाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि इस अवसर पर राजस्थान की कला, पर्यटन और इतिहास आधारित सांस्कृतिक आयोजन को आकर्षक रूप में प्रस्तुत किया जाए।

### 5 मई को वेड इन इंडिया एक्सपो

पर्यटन निदेशक डॉ.रश्मि शर्मा ने बैठक में जीआईटीबी के शेड्यूल की विस्तार से जानकारी देते हुए बताया कि पहले दिन 5 मई को वेड इन इंडिया एक्सपो सुबह 9:45 से शाम 4:30 बजे तक महारानी महल रामबाग पैलेस में किया जाएगा। वेड इन इंडिया एक्सपो का उद्देश्य है कि देश और विदेश के पर्यटकों द्वारा ज्यादा से ज्यादा राजस्थान में वैडिंग की जाए, जिससे राज्य के पर्यटन को बढ़ावा मिल सके। इसी दिन शाम 6:30 बजे जय महल पैलेस में जीआईटीबी का औपचारिक उद्घाटन समारोह आयोजित किया जाएगा। 6 व 7 मई को जयपुर के सीतापुरा में जेईसीसी हॉल में सुबह 9:30 से शाम 6:00 बजे तक एग्जीबीशन का आयोजन किया जाएगा, जिसमें विदेशी टूर ऑपरेटर्स के साथ राजस्थान में पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए बी टू बी मीटिंग आयोजित की जाएंगी।

### टूर ऑपरेटर्स को करवाएंगे भ्रमण

इस आयोजन के बाद से 8 मई से फॉरेन टूर ऑपरेटर्स को राजस्थान भ्रमण भी करवाया जाएगा, जिससे वे राजस्थान में पर्यटन आकर्षणों को अनुभव कर सकेंगे। डॉ. रश्मि शर्मा ने बताया कि "द ग्रेट इंडियन ट्रैवल बाजार 2024' में 250 विदेशी टूर ऑपरेटर, कई इंटरनेशनल वेडिंग प्लानर्स एवं घरेलू वेडिंग प्लानर्स सहभागिता कर रहे हैं, जो पर्यटन और वेडिंग से संबंधित अपने उत्पादों को प्रस्तुत करेंगे। इस आयोजन में गुजरात, उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश, गोवा, तमिलनाडु और उड़ीसा पर्यटन सहभागिता कर रहे हैं। इस आयोजन में राजस्थान के विभिन्न ट्रैवल ट्रेड एसोसिएशंस भी सहभागिता कर रहे हैं, जिनमें फिक्की, इंडियन हेरिटेज होटल्स एसोसिएशन , राजस्थान एसोसिएशन ऑफ टूर ऑपरेटर्स, होटल्स एंड रेस्टोरेंट एसोसिएशन ऑफ राजस्थान प्रमुख हैं।

**लोगों का निर्माण में घटिया सामग्री लगाने का आरोप**

# गुर्जर की थड़ी के पास सड़क धंसी, 20 फुट गहरा गड्ढा बना

■ **जेडीए के अधिकारियों ने किया मौका-मुआयना**

**बेधड़क** | जयपुर

जयपुर में गुरुवार को अचानक सड़क धंस धंस गई। इस वजह से गोपालपुरा बाईपास पर गुर्जर की थड़ी अंडर पास के नजदीक सड़क पर 20 फुट गहरा गड्ढा हो गया। अचानक हुई इस घटना के बाद लोगों ने जयपुर विकास प्राधिकरण (जेडीए) की टीम को सूचना दी। कुछ देर बाद टीम मौके पर पहुंची। सड़क पर ट्रैफिक को बंद कर दिया गया। इसके बाद गड्ढे को सही करने का काम शुरू कर दिया गया। इस दौरान किसी भी तरह की जनहानी नहीं हुई।

इस सड़क पर यह पहली बार नहीं हुआ। इससे पहले भी गहरा गड्ढा हो चुका है। लेकिन जयपुर विकास प्राधिकरण के अधिकारी इस और ध्यान नहीं दे रहे हैं। जबकि इस सड़क पर हर दिन हजारों की संख्या में वाहनों की आवाजाही रहती है। बड़ी संख्या में स्टूडेंट्स भी इसी सड़क से पैदल पढ़ने जाते हैं। जहां इस तरह की लापरवाही किसी भी दिन





### सड़क आम लोगों के लिए बंद की गई

वहीं, इस पूरे घटनाक्रम के बाद जयपुर विकास प्राधिकरण के अधिकारियों ने मौके पर पहुंचे क्षतिग्रस्त सड़क पर यातायात को बंद करवा दिया है। फिलहाल जयपुर विकास प्राधिकरण के अधिकारी सड़क पर हुए गड्ढे की गहराई को नापने के साथ उसे दुरुस्त करने के काम में जुटे हुए हैं। जयपुर विकास प्राधिकरण ने क्षतिग्रस्त सड़क को आम लोगों के लिए बंद कर दिया है। वहीं, ट्रैफिक को साइड से निकाला जा रहा है। जयपुर विकास प्राधिकरण के बड़े अधिकारी मौके पर नहीं पहुंचे। एईएन और जेईएन मौके पर थे। एईएन मनीष ने बताया- गड्ढा क्यों हुआ इसकी सटीक जानकारी पता नहीं है। ऐसे में जब तक सही कारण का पता नहीं चल पता हम कुछ भी नहीं बोल सकते हैं।

बड़ी घटना का कारण बन सकती है। गुर्जर की थड़ी इलाके में रहने वाले अमर सेन ने कहा- जयपुर विकास प्राधिकरण के अधिकारियों की कार-गुजारी की वजह से इस तरह का हादसा हुआ है। उन्होंने घटिया क्वालिटी का निर्माण किया था। इसकी वजह से पिछले कुछ सालों में ही दो बार इस सड़क में गड्ढा हो गया है। ऐसे में इस निर्माण की क्वालिटी की जांच होनी चाहिए।

**महिलाओं ने निकाली कलश यात्रा**

## पेट्रोल पंप बालाजी का सजा भव्य दरबार



**बेधड़क**| जयपुर

हनुमान जयंती के उपलक्ष पर अजमेर रोड स्थित पेट्रोल पंप बालाजी का भव्य दरबार सजाया गया। शोभा एवं कलश यात्रा निकाली गई जिसमें महिलाओं के साथ हैरिटेज महापौर मुनेश गुर्जर सहित गणमान्य जन शामिल हुए। सुंदर काण्ड और भंडारे का भी आयोजन किया गया। जयंती उपलक्ष पर आयोजित मेले में दिनभर दर्शनार्थियों का तांता लगा रहा। पेट्रोल पंप बालाजी सेवा समिति के अध्यक्ष पुष्पेंद्र शर्मा ने बताया कि पेट्रोल पंप बालाजी सेवा समिति और स्व. सोहन लाल चेरीटेबल ट्रस्ट के संयुक्त तत्वावधान में हुए भव्य आयोजन में ट्रस्ट की ओर से फूलचंद सरावगी, अमित सरवगी, बालाजी समिति के सचिव अजय सिंह, संरक्षक पवन सोनी, गोपाल सैनी, राकेश जोशी, दीपक सैनी, जीतू शर्मा, दिलीप डाबी, लालचंद डाबी,चंद्र अरोड़ा, मुकेश शर्मा, मुकेश वैष्णव आदि का विशेष योगदान रहा।

## बस में में तोड़फोड़ करने वालों के खिलाफ एफआईआर दर्ज

**बेधड़क**| जयपुर

सिंधी कैम्प थाना इलाके में गोयल ट्रेवल्स की बस पर हुए पथराव को लेकर पीड़ित की ओर से राजपूत होस्टल के लड़कों के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराई गई हैं। गोयल ट्रेवल्स के मालिक विनित गोयल ने पुलिस को शिकायत दी है कि 15 अप्रैल को राजपूत हॉस्टल के कुछ युवकों ने मुंह पर कपड़ा बांध कर विधायकपुरी थाना इलाके में बस पर पथराव किया। सिंधी कैम्प थाना पुलिस ने मामले की गम्भीरता को देखते हुए आईपीसी की धारा 436, 427, 323 में मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

**सच बेधड़क**
दैनिक हिन्दी अख़बार
आपके दिल की बात अब आपके अखबार के माध्यम से...
अख़बार में प्रकाशन के लिए ख़बर, विज्ञप्ति, कार्यक्रम की सूचना आलेख एवं अपनी मौलिक रचनाएं
news@sachbedhadak.com
पर E- Mail करें।

**मंदिर श्री रामगोपाल जी में प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव**

## दूसरे दिन यज्ञशाला प्रवेश, हवन-पूजन किया

**बेधड़क** | जयपुर

उत्तर भारत की प्रमुख श्री वैष्णव पीठ उत्तर तोदाद्रि मठ श्री गलता जी के अन्तर्गत मंदिर श्री रामगोपाल जी में परम पूज्य गलतापीठाधीश्वर अवधेशाचार्य महाराज के पावन सान्निध्य में 3 दिवसीय प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव मनाया जा रहा है। श्री गलता पीठ के युवाचार्य स्वामी राघवेन्द्र ने बताया कि श्री गलता पीठ के अन्तर्गत आमेर रोड स्थित मंदिर श्री रामगोपाल जी में श्री किशोरी जी की मूर्ति का 3 दिवसीय प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव मनाया जा रहा



है। श्री किशोरी जी का पंचधातु से निर्मित अति दिव्य व दर्शनीय विग्रह दक्षिण भारत में बनवा कर मंगवाया गया है। प्राण प्रतिष्ठा के दूसरे दिन गलतापीठाधीश्वर स्वामी जी महाराज के सान्निध्य में प्रातः यज्ञशाला प्रवेश, जलाधिवास, अभिषेक आदि वैदिक विधि से सम्पन्न कराए गए। सके पश्चात सायंकाल में वास्तुहवन, शैयाधिवास आदि वैदिक विधि से दक्षिण भारत से पधारे विद्वानों द्वारा सम्पन्न कराए गए। कार्यक्रम की मुख्य यजमान ऋषिका गुप्ता सहित सैंकड़ों श्रद्धालुजन उपस्थित रहे।

**एक दिवसीय प्रशिक्षण गोष्ठी का हुआ आयोजन**

## गोशाला के लिए आयोग के गठन की मांग

**बेधड़क** | जयपुर

पिंजरापोल गोशाला, सांगानेर स्थित जैविक वन औषधीय केंद्र में स्वामी गोविन्ददेव गिरी महाराज (कोषाध्यक्ष - श्री रामजन्मभूमि तीर्थ न्यास, अयोध्या) और अवधेशाचार्य महाराज (पीठाधीश्वर - छोटी काशी श्री गलता तीर्थ) के सानिध्य में अखिल भारतीय गोशाला सहयोग परिषद के तत्वावधान में गोशालाओं के संवर्धन और संरक्षण हेतु एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम व गोष्ठी का आयोजन




हुआ। इस अवसर पर अखिल भारतीय गोशाला सहयोग परिषद के अंतर्राष्ट्रीय संयोजक डॉ. अतुल गुप्ता ने कहा कि आज तक हम गोमाता को सिर्फ गोशालाओं में ही देखते थे परन्तु वर्तमान समय में गोमाता सडकों पर आश्रयहीन अवस्था में घूमती हुई दिखती हैं तो मन व आत्मा को बहुत दुःख होता है। इस अवसर पर परिषद् की ओर से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से गो माता को राष्ट्र माता बनाएं जाने का आह्वान किया। सभी गोशालाओं की गोमूत्र व गाय के गोबर के माध्यम से स्वाबलंबी व आर्थिक सशक्तिकरण करने की दिशा में कार्य करने पर बल दिया। उन्होंने बताया कि गाय भारत की व हम सभी की आत्मा है। भारत को विकसित राष्ट्र बनाने में गोमाता का विशेष योगदान रहेगा। भारतीय जनता पार्टी को अपने मैंडेट चुनाव के तुरंत बाद प्रभावी रूप से लागू करने का भी आह्वान किया।

**एक मई को गणेश निमंत्रण से होगी शुरुआत**

# आठ देशों में मनाया जाएगा भगवान परशुराम का जन्मोत्सव समारोह

**बेधड़क** | जयपुर

सर्व ब्राह्मण महासभा एवं अन्य सहयोगी ब्राह्मण संगठनों की ओर से प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी भगवान परशुराम जन्मोत्सव समारोह 01 मई से 15 मई तक आयोजित किया जाएगा। 15 दिवस तक चलने वाले कार्यक्रम में विभिन्न दिवसों पर भगवान परशुराम जन्मोत्सव समारोह के अन्तर्गत विभिन्न कार्यक्रम आयोजित होगें। सर्व ब्राह्मण महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष पं. सुरेश मिश्रा ने बताया है कि इस बार ना केवल राजस्थान और देश में वरन विश्व के 8 प्रमुख देशों में भगवान परशुराम जन्मोत्सव का आयोजन होगा। ऐसा पहली बार होगा की विदेशो की धरती पर भगवान परशुराम की जय जयकार होगी और विभिन्न आयोजन होगें। जिसमें प्रमुख रूप से आस्ट्रेलिया-न्यूजीलैंड, लंदन, कनाडा, इटली, अमेरिका, बैंकांग, दुबई, कतर में परशुराम जन्मोत्सव 10 मई अक्षय तृतीया को धूमधाम से आयोजित किया जाएगा और देश की सभी राजधानियों में शस्त्र पूजन के आयोजन किये जाएगें। साथ ही राजस्थान प्रदेश में सभी जिला मुख्यालयों और तहसील, गांव ढाणी स्तर तक भगवान परशुराम जन्मोत्सव के तहत विभिन्न आयोजन किये जाएगे! भगवान परशुराम जन्मोत्सव समारोह का विधिवत शुभारंभ 1 मई को प्रातः 9 बजे मोती डूंगरी स्थित गणेश मंदिर में गणेश निमंत्रण के साथ होगा। इस अवसर पर जयपुर के प्रमुख संत,




महंतों की उपस्थिति में एक स्टीकर का विमोचन भी किया जाएगा। 6 मई को ताड़केश्वर महादेव मंदिर चौड़ा रास्ता में 5100 दीपों से महाआरती का आयोजन होगा। 08 मई को ''भगवान परशुराम का व्यक्तित्व एवं कृतित्व'' विषय पर विचार गोष्ठी का आयोजन किया जाएगा। जिसमें विद्वान परशुराम के व्यक्तित्व पर प्रकाश डालेंगें। 9 मई को परशुराम जन्मोत्सव की पूर्व संध्या पर रेलवे स्टेशन स्थित भगवान परशुराम सर्किल पर नन्हे-मुन्ने बच्चे दीप प्रज्वलन करेंगें। 10 मई को मुख्य समारोह में भगवान परशुराम की मूर्ति की प्रतिष्ठा होगी साथ ही पूरे प्रदेश में परशुराम जन्मोत्सव की शोभायात्रा का आयोजन होगा। मिश्रा ने बताया कि 10 मई को भगवान परशुराम का श्रृंगार पूजा अर्चना एवं महाआरती भी की जाएगी साथ ही 01 मई से 15 मई तक जयपुर, उदयपुर, टोंक, बांसवाड़ा, बूंदी, झालावाड़, जोधपुर, बीकानेर, गंगापुर सिटी, अलवर, सवाई माधोपुर, डूंगरपुर, झुंझुनू, दौसा, गंगानगर, चूरू, सीकर, पाली, जालौर, जैसलमेर, कोटा, माउंट आबू सहित 35 जिलों एवं 180 तहसील मुख्यालयों पर विभिन्न कार्यक्रम जन्मोत्सव समारोह के अन्तर्गत आयोजित होंगे।

### 12 मई को होगा समारोह का समापन

मिश्रा ने बताया कि 15 मई को शस्त्र एवं शास्त्र का पूजन किया जाएगा। साथ ही 12 मई को भगवान परशुराम जन्मोत्सव समारोह के समापन पर जयपुर में "ब्राह्मण रत्न" सम्मान समारोह का आयोजन रखा गया है। सम्मान समारोह में समाजसेवी, पत्रकार, प्रशासनिक अधिकारी, साहित्यकार, व्यवसायी, चिकित्सा, शिक्षा शास्त्री सहित समाज के विभिन्न क्षेत्रों में उल्लेखनीय कार्य करने वाली लब्ध प्रतिष्ठित ब्राह्मण प्रतिभाओं को सम्मानित किया जाएगा।

### आयोजन के लिए समिति का गठन

पं. सुरेश मिश्रा ने बताया कि जयपुर में इस आयोजन को सफल बनाने के लिए एक समिति का गठन किया गया जिसमें राष्ट्रीय संयोजक आचार्य राजेश्वर, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष दिनेश शर्मा, महिला प्रकोष्ठ की राष्ट्रीय महामंत्री श्रीमती सविता शर्मा, विधि प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष एडवोकेट कमलेश शर्मा, युवा प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष गब्बर कटारा, जयपुर जिला अध्यक्ष बाबूलाल शर्मा, जयपुर शहर अध्यक्ष अनिल सारस्वत, जयपुर युवा संभाग अध्यक्ष दिनेष शर्मा, उदयपुर युवा अध्यक्ष संभाग अध्यक्ष अविकुल शर्मा, प्रदेश संगठन मंत्री श्याम शास्त्री, समाज सेवी वरुण शर्मा को शामिल किया है।

# सामाजिक-आर्थिक विकास का वाहक मध्यम वर्ग



डॉ. राजेन्द्र प्रसाद शर्मा
स्वतंत्र टिप्पणीकार

मानें या ना मानें पर इसमें कोई दो राय नहीं कि किसी भी देश के आर्थिक-सामाजिक विकास में मध्यम वर्ग की प्रमुख भूमिका रही है। यह केवल हमारे देश के संदर्भ में ही नहीं अपितु समूचे विश्व की बढ़ती अर्थव्यवस्थाओं का अध्ययन किया जाएगा तो कारण यही सामने आएगा। सामाजिक-आर्थिक परिस्थितियों के बदलाव में मध्यम वर्ग की प्रमुख भूमिका रही है। औद्योगिक क्रांति के बाद जिस तरह से श्रमिक वर्ग उभर कर आया तो औद्योगिक क्रांति का ही बाई प्रोडक्ट मध्यम वर्ग का उत्थान माना जा सकता है। आर्थिक विश्लेषकों की माने तो आर्थिक विकास का कोई ग्रोथ इंजन है तो वह मध्यम वर्ग है। ज्यादा दूर नहीं जाए और केवल वर्तमान दशक की शुरुआत बल्कि 2021 की ही बात करें तो देश में 30 फीसद परिवार मध्यम आय वर्ग की श्रेणी में आ गए थे। ऐसा माना जा रहा है कि 2031 तक यह आंकड़ा बढ़कर 46 फीसद को छू जाएगा। यानी की इस दषक में बचे साढ़े पांच साल में भी मध्यम आय वर्ग की श्रेणी में तेजी से सुधार होगा। 2021 में जहां 9.1 करोड़ परिवार मध्यम आय वर्ग की श्रेणी में थे वहीं 2031 तक यह संख्या बढ़कर 16.9 करोड़ होने का अनुमान लगाया गया है।

किसी भी देश और उसकी अर्थ व्यवस्था के लिए यह अपने आप में किसी बढ़ी उपलब्धि से कम नहीं आंकी जा सकती। विशेषज्ञों के अनुसार 5 लाख से 38 लाख सालान आय वाले परिवारों को मध्यम आय वर्ग श्रेणी में माना गया है। यह भी समझना होगा कि मध्यम वर्ग का विस्तार का सीधा सीधा अर्थ गरीबी रेखा से लोगों का बाहर आना और बाजारु गतिविधियों में तेजी आने का कारण मध्यम वर्ग ही है। मांग और आपूर्ति को भी मध्यम वर्ग के संदर्भ में ही देखा और समझा जा सकता है। मध्यम आय वर्ग में इजाफा होने का मतलब साफ-साफ यह हो जाता है कि देश की अर्थ व्यवस्था तेजी से बढ़ रही है। इसे यों समझा जा सकता है कि मध्यम आय वर्ग या दूसरे अर्थ में हम मध्यम वर्ग की बात करें तो जीवन जीने का कोई आनंद लेता है तो वह मध्यम वर्ग ही है। मध्यम वर्ग के लोग जीवन को जीने में विश्वास रखते हैं भले ही उन्हें ऋणं कृत्वा घृतं पीबेत की मानसिकता के अनुसार जीवन यापन करना पड़ें। यही कारण है कि मध्यम वर्ग दिल खोलकर पैसा खर्च करता है। इसका एक कारण सामाजिक ताने बाने की भाषा में हम कहें तो यह कहा जा सकता है कि बहुत कुछ वह दिखावें के लिए करता है। जीवन यापन की दिखावे की इस प्रतिस्पर्धा में वह वो सब कुछ पाना चाहता है जो उसके परिवार, पड़ोसी, मित्रगण या आसपास के लोगों के पास है।

> “यही कारण है कि आज देशी -विदेशी कंपनियां मध्यम वर्ग को केंद्रित कर अपने उत्पादों को बाजार में उतार रही है। सही मायने में कहा जाए तो जिसने मध्यम वर्ग की मांग को समझा वह मालामाल होता जा रहा है और उसकी बाजार में पकड़ तेज होती जा रही है। ऐसे में यह मानने में कोई संकोच नहीं होना चाहिए कि तेजी से बढ़ती अर्थ व्यवस्था का बहुत कुछ श्रेय मध्यम वर्ग को जाता है।”

इसमें रहन-सहन, खान-पान, पहनना-ओढ़ना, शिक्षा और इसी तरह की अन्य वस्तुओं/साधनों को प्राप्त करना मध्यम वर्ग का ध्येय रहता है और इसी कारण बाजार में नित नए उत्पादों की मांग बढ़ती है तो देश के लोगों के जीवन स्तर का पता चलता है। दरअसल मध्यम वर्ग व्हाईट कॉलर का प्रतिनिधित्व करता है। वह इस प्रयास में रहता है कि दिन प्रतिदिन वह अधिक से अधिक साधन जुटाएं, भले ही उसके लिए उसे उधार का सहारा लेना पड़े। यहां यह भी समझ लेना जरुरी हो जाता है कि उच्च आय वर्ग की अपनी समझ व पहुंच होती है। पहली बात तो उच्च आय वर्ग की दायरें में कम लोग है। उनकी पसंद ना पसंद अलग होती है। उनके लिए जो उत्पाद बाजार में आएंगे वो अलग श्रेणी के होंगे। मध्यम वर्ग लगभग उसी दौड़ में दौड़ने का प्रयास करता है। उच्च वर्ग के पास लक्जिरियस चौपहिया वाहन है तो उसकी मांग पहले चरण में चौपहिया वाहन व उसके बाद ज्यों ज्यों वह थोड़ा आगे बढ़ना चाहेगा अपनी पहुंच के सुविधाजनक चौपहिया वाहन पाने की कोशिश में जुट जाएगा। इसी तरह से बाजार की मांग को मध्यम वर्ग ही बढ़ाता है। तस्वीर हमारे सामने हैं। ज्यादा पुरानी बात नहीं दो दशक ही हुए होंगे कि घरों में पंखों की जगह कूलरों ने ली और कूलरों में भी हैसियत अनुसार ब्रांडेड कंपनियों से लेकर लोकल कंपनियों के कूलरों ने घरों में जगह बनाई। आज तस्वीर का दूसरा पहलू सामने आ गया है जिस एयर कंडीशनर के लिए केवल सोचा जा सकता था वह आज घर घर में पहुंच गया है। कम से कम एक एसी तो मध्यम वर्गीय परिवार में देखने को आसानी से मिल जाएगा। इसे यों समझा जा सकता है कि मध्यम वर्ग के विस्तार के अनुसार बाजार में मांग बढ़ी तो नित नई कंपनियां बाजार में आई और इससे अर्थ व्यवस्था को गति मिलने के साथ ही रोजगार के अवसर बढ़े। यह तो एक उदाहरण मात्र है। देखा जाए तो फास्टफूड हो या कंफेक्सरी या शॉफ्ट ड्रिंक या इसी तरह की अन्य खाने पीने की चीजें इसको बाजार मिला है तो इसका श्रेय मध्यम वर्ग को ही जाता है। पर्सनल केयर आइटम्स की मांग और आपूर्ति भी मध्यम वर्ग के कारण ही बढ़ी है। आज ऑनलाइन का जो बाजार खड़ा हुआ है उसको गति दी है तो वह मध्यम आय वर्ग के लोगों ने ही दी है। स्कूटर, स्कूटी, कार से लेकर वाहनों की जो रेलम पेल देखी जा रही है, वह इस मध्यम वर्ग के कारण ही है। रियल स्टेट जिस तरह से आगे बढ़ रहा है और गगनचुंबी इमारतों का जिस तरह से जाल बिछ रहा है वह मध्यम वर्ग के कारण ही संभव हो पा रहा है।

**(ये लेखक के निजी विचार हैं)**

## स्वच्छ भारत अभियान से देश के लोगों में जागरूकता आई, लेकिन वह नाकाफी...

# शहर-शहर धधकेंगे कचरे के पहाड़!



ज्ञानेन्द्र रावत
वरिष्ठ पत्रकार व पर्यावरणविद्

> “देश में जिस तरह कचरे की रिसाइकिलिंग होती है उससे न केवल पर्यावरण को नुकसान होता है, बल्कि लोगों के स्वास्थ्य पर भी बुरा प्रभाव पड़ता है। जहां तक खुले में फेंके गए कचरे का सवाल है,भारत में सबसे बड़े महानगर मुंबई और दिल्ली में खुले में कचरा फेंका जाता है। दिल्ली में गाजीपुर और मुंबई में मुलुंड डम्पिंग ग्राउंड हैं जहां कचरे के ऊंचे ऊंचे पहाड़ बन चुके हैं। उनके पास लोगों का रहना दूभर है।”

दिल्ली में गाजीपुर लैंडफिल स्थित कचरे के पहाड़ पर लगी आग अभी फिलहाल बुझा तो दी गई है। वह बात दीगर है कि अभी भी 40-50 छोटी-मोटी जगहों पर आग की लपटें बची हुई हैं। लेकिन इसके धुंए ने आसपास के एक किलोमीटर इलाके के लोगों की सांस अटका रखी है। हसनपुर, गाजीपुर, खोडा, चिल्ला गांव और मयूर विहार सहित आधा दर्जन इलाकों में रहने-बसने वाले लोग आंखों में जलन व सांस लेने में दिक्कत महसूस कर रहे हैं। वे आंखें खुली नहीं रख पा रहे हैं। इसकी दुर्गंध तो बरछों से उनकी नियति बन चुकी है। कुछ लोग जो दिल के मरीज हैं, परेशानी के चलते घर छोड़ रिश्तेदारों के यहां चले गए हैं। इसने देश की राजधानी की राजनीति में आग जरूर लगा दी है। वैसे आजकल चुनावी माहौल में राजधानी दिल्ली वायु प्रदूषण की मार के चलते जार-जार हो रही है, लेकिन कूड़े के पहाड़ का मसला चर्चा का विषय बना हुआ है। गौरतलब यह है कि अभी तक आग के कारणों का पता नहीं चल सका है। पुलिस और एफएसएल की टीमें जांच कार्य में भले जुटी हुई हैं, लेकिन लैंडफिल साइट के प्रबंधन को लेकर दिल्ली नगर निगम की नीति पर लोगों ने सवाल जरूर खड़े किए हैं। उनका कहना है कि कचरे के पहाड़ पर आग लगने की यह कोई नई बात नहीं है।



यह तो हर महीने लगती ही रहती है। इसको नियंत्रित करने के कोई भी कदम नहीं उठाए जा रहे हैं। पिछले बीस सालों से कूड़े के पहाड़ खत्म करने के दावे किए जा रहे हैं किन्तु ठोस कार्रवाई न होने का खामियाजा यहां रहने वाले लोगों को उठाना पड़ रहा है।इसका खात्मा न हो पाने के पीछे कचरे का धीमी गति से हो रहा उठान है। इससे दो किलोमीटर के क्षेत्रफल में रहने वालों का जीना दूभर हो गया है। सबसे ज्यादा परेशानी तो बच्चों और बुजुर्गों को है। वैसे कूड़े-कचरे के पहाड़ के मामले में अभी तक दिल्ली और मुंबई महानगर सबसे ज्यादा चर्चित थे लेकिन अब तो गुरुग्राम ने भी इस सूची में अपना नाम दर्ज करा लिया है। यहां बंधवाडी लैंडफिल साइट पर रोजाना फरीदाबाद और गुरुग्राम का 2300 टन कचरा पहुंच रहा है। यहां पिछले 30 मार्च से लगातार आग लगने की घटनाएं हो रही हैं। यहां फिलहाल तकरीबन 16 लाख टन कूडा पड़ा है। बीते 24 दिनों में यहां 13 बार आग लगने की घटनाएं हुई हैं। मंगलवार 23 अप्रैल की सुबह लगी आग इतनी भयंकर थी कि उसका धुंआ कई किलोमीटर दूर तक से न केवल दिखाई दे रहा था, बल्कि वहां के लोग धुएं के चलते आंखों में जलन से परेशान थे। असलियत यह है कि लैंडफिल साइट के पास लोगों का रहना काफी मुश्किल होता जा रहा है। लोग खून-पसीने की कमाई से बनाए मकान छोड़ नहीं पा रहे हैं। यहां रहने वाले लोग बरसों से दिल, सांस, गले में खराश, दिमाग में सूजन आदि रोगों के चंगुल में हैं।

खासतौर पर बच्चों, गर्भवती महिलाओं, हृदय और सांस के रोगियों के लिए यह स्थिति जानलेवा है। कचरे के पहाड़ पर लगी आग से शहर में घुल रहे धुएं पर न केवल उपराज्यपाल, दिल्ली के पर्यावरण मंत्री और सुप्रीम कोर्ट तक ने संज्ञान लेते हुए निगमायुक्त, प्रमुख सचिव व दिल्ली सरकार से जबाव मांगा है। सुप्रीम कोर्ट ने इस बाबत अपनी टिप्पणी में कहा है कि यह आश्चर्यजनक है कि राजधानी में प्रतिदिन निकलने वाले 11,000 टन ठोस कचरे में से 3,000 टन का कानून के तहत उचित तरीके से निपटान नहीं किया जाता है। सुप्रीम कोर्ट की खंडपीठ ने कहा है कि यह स्तब्ध करने वाली बात है कि ठोस कचरा प्रबंधन नियम 2016 को लागू हुए आठ साल हो गए हैं लेकिन दिल्ली में इसका कोई पालन नहीं हो रहा है। इसका नतीजा है कि दिल्ली में कचरे का पहाड़ दिन-ब-दिन बढ़ता ही जाता है। यह तो अकेले देश की राजधानी दिल्ली का हाल है। पूरे देश के हालात का जायका लें तो पता चलता है कि देश में हर साल 277 अरब किलो कचरा निकलता है। यानी प्रति व्यक्ति करीब 205 किलो कचरा निकलता है। इसमें से केवल 70 फीसदी ही इकट्ठा किया जाता है। बाकी जमीन और पानी में फैला रहता है। इकट्ठा किए कचरे में से आधा या तो खुले में फेंक दिया जाता है या उसे जमीन में दबा दिया जाता है। जहां तक प्रति व्यक्ति का सवाल है, 0.62 किलोग्राम कचरा एक व्यक्ति प्रतिदिन पैदा करता है। हमारे देश में निकलने वाला कचरा इंडस्ट्रियल और म्युनिस्पल दो तरह का होता है। इंडस्ट्रियल कचरे के निपटान की जिम्मेदारी उद्योगों और म्युनिस्पल कचरे के निपटान की जिम्मेदारी स्थानीय प्रशासन की होती है। देश में कुल कचरे में से सिर्फ 5वें हिस्से की रिसाइकिलिंग हो पाती है।

देश में सालाना जितनी जहरीली मीथेन उत्सर्जित होती है, उसमें से 20 फीसदी सिर्फ इन कचरे के ढेरों से निकलती है। इस तरह दिन-ब-दिन कचरे के पहाड़ों की तादाद शहर-दर-शहर बढ़ती चली जाएगी और उस स्थिति में इन कचरे के पहाडों के कम होने की कोई उम्मीद दिखाई नहीं देती, क्योंकि अब छोटे शहर-कस्बों में भी जो 17 फीसदी की दर से विकसित हो रहे हैं, में कचरे के लैंडफिलों की तादाद तेजी से बढ़ रही है। आने वाले दिनों में विकास की रफ्तार और बढ़ेगी, उस स्थिति में ज्यादा तेज विकास के साथ कई गुणा कचरा बढ़ेगा। क्या हम उस स्थिति के लिए तैयार हैं। यह विचार का विषय है। यहां हम अमेरिका, ऑस्ट्रेलिया, चीन, ब्रिटेन, जर्मनी, सिंगापुर आदि की बात छोड़ दें और यदि अहमदाबाद, सूरत, नवी मुंबई, मैसूर और इंदौर की ही करें, जिन्होंने कचरा संग्रह और उसके निपटान व स्वच्छता में अपनी एक विशिष्ट पहचान बनाई है, से कुछ सीख ली है? जबाव है कुछ भी नहीं। ऐसी स्थिति में दिल्ली ही क्या, देश के हर शहर-कस्बे में कचरे के पहाड़ तेजी से बनेंगे और वे सुलगेंगे, धधकेंगे और लोगों की अनचाहे मौत के वायस बनेंगे। इसमें दो राय नहीं। उस दशा में आईपीसीसी की रिपोर्ट सही साबित हो जाएगी कि अगर यही रफ्तार रही तो 2050 में 3.4 गीगाटन कूडा-कचरा होगा, जिसका निस्तारण बूते के बाहर होगा। हमारे देश में असलियत में कचरा प्रबंधन के मामले में हम दूसरे देशों से बहुत पीछे हैं। वह चाहे इंडस्ट्रियल कचरा हो या म्यूनिस्पल दोनों में हमारी नाकामी जगजाहिर है। उस स्थिति में तो और विषम हालात हो जाएगी। जबकि वर्ल्ड बैंक के अनुसार 2030 में भारत में हर साल निकलने वाला कूडा-कचरा 388 अरब किलो हो जाएगा। इसलिए यह बेहद जरूरी है कि लोगों को घरों में ही अलग- अलग डस्टबिन में कूडा-कचरा रखने के बारे में जागरूक किया जाए, जिससे रिसाइकिलिंग होने में आसानी हो सके। वैसे स्वच्छ भारत अभियान से और कचरे के पुनः इस्तेमाल करने के मामले में लोगों में न केवल बहुत जागरूकता आई है, बल्कि इसमें देश की स्थिति काफी सुधरी भी है। इसके बावजूद बहुत अभी भी कुछ करना बाकी है, ताकि शहर दर शहर, कस्बे दर कस्बे कचरे के पहाड़ न बनें और आए दिन उसमें आग लगने की नौबत न आए। यह सब सरकार की इच्छाशक्ति के बिना असंभव है। इसमें दो राय नहीं।

**(ये लेखक के निजी विचार हैं)**

## व्यंग्य

# नेता का दिल बोले-जीतूं-जीतूं



पूरन सरमा
व्यंग्यकार

जिस समय प्रेमी का दिल कुक्कू-कुक्कू बोलता है, उसी समय चुनाव में खड़े हुए उम्मीदवार का दिल जीतूं-जीतूं बोलता है। पार्टियों के प्रत्याशियों सहित निर्दलियों के दिल के भीतर छुपी एक खुशफहमी रहती है कि सारे समीकरण चुनाव के उसके पक्ष में जा रहे हैं, वह चुनाव में जीतकर रहेगा।

मेरे पड़ोसी रामभरोसी भी इस बार चुनाव मैदान में अपने आपको उतार चुके हैं। राजनेता जीत के मामले में कुछ राम पर निर्भर कर रहे हैं तो कुछ वोटर पर। एक दिन प्रातः काल ही मैंने जा पकड़ा। एकदम अस्त-व्यस्त। मैले कुर्ते पायजामे में अपनी आंखों में गीड़ भरे रोनी सूरत लिए बैठे थे। मैंने छूटते ही कहा-'बधाई हो रामभरोसी, आप भारी बहुमत से जीत रहे हैं तथा आपने विरोधियों से बहुत बढ़त ले ली है।' बल्लियों उछल गए। चेहरे पर मुसकान आई और बोले-'शर्मा तुम्हारे मुंह में घी शक्कर। दिल तो मेरा भी यही कह रहा है कि मैं जीतूंगा। तुम जरा अपना गणित तो बताओ कि जीत मेरे पक्ष में कैसे आएगी?'

मैंने कहा-'वह तो तय है-लेकिन यह सूखे-सूखे जीत की बात कुछ हजम नहीं हो रही है। मेरे विचार में जलपान के साथ हल्का सा जश्न हो जाए।' रामभरोसी बहुत ही तत्परता से बोले-'क्यों नहीं। कहो तो एक पैग बना लाऊं।'

'अरे आप भी सुबह-सुबह क्या पीने की बात ले आए। कुछ खाने का मन था। मेरा मतलब मैं रिश्वत और कमीशन खाना चाहता हूं।' मैंने कहा। 'मैं समझा नहीं। नाश्ता तो अभी आ जाएगा, लेकिन जो हम लोग खाते हैं, वह तुम कब से खाने लगे?' 'दरअसल आपकी सुनिश्चित जीत के आसरे मैं तबादलों का ठेका ले चुका हूं तथा सरकारी खरीद में कमीशन खाने के लिए पार्टियों से एडवांस ले चुका हूं। वायदा आपको करना है कि जीत जाने पर काम करोगे या नहीं।' रामभरोसी में आत्मविश्वास विकसित हो चुका था, सो बोले-'भाई तुम मेरे लिए चुनाव में क्या योगदान कर रहे हो?' मैं तपाक से बोला-'सारे वोट मेरी जाति के आपको डलवाने का ठेका लेता हूं। साथ ही जिनके तबादले करवाने हैं-वे भी अपने धर्म के वोट आपके पक्ष में डलवाएंगे।'

रामभरोसी बोला-'यार, मेरी दायीं आंख आज सुबह से ही फड़क रही है। मुझे लग रहा था कि कुछ शुभ-शुभ होने वाला है और दिल 'जीतूं-जीतूं' करके जोरों से धड़के जा रहा है।'

'खुलकर धड़काओ दिल को रामभरोसी। मेरे और राम के भरोसे। तुम्हारे प्रतिद्वंद्वी को चारों खाने चित नहीं कर दिया तो मेरा नाम नटवर लाल शर्मा नहीं।'

'नटवर लाल, तुम मेरे लिए संकटमोचक बनकर आए हो। मैं अभी नाश्ता लेकर आया।' नाश्ता आया, किया और सटक लिया दूसरे चुनाव, प्रत्याशी के पास। उसके पास जाकर भी यही रामबाण, मारा तो उसने एक लिफाफा थमा दिया। उसका लिद भी पहले ही 'जीतूं-जीतूं' कर रहा था। दूसरे दिन तीसरे को जा टटोला। उसका दिल बुरी तरह जीत के लिए धड़क रहा था। मैंने अपना गणित सुझाया तो उसकी आंखें खुशी से भर आई और वह गीड़ पोंछ कर बोला-'शर्मा, घर जाओ तो बच्चों के लिए कुछ सामान ले जाना। जीतने के बाद तुम्हारे ट्रांसफर भी होंगे और तुम्हारी खरीद भी होगी। रिश्वत और कमीशन दोनों खुल कर खाना। मैं भी भ्रष्टाचार करूंगा, क्योंकि चुनाव में व्यय एक करोड़ के आसपास पहुंच रहा है। यदि नहीं जीता तो बरबाद हो जाऊंगा।'

'घबराओ नहीं, मैंने कच्ची गोलियां नहीं खेली हैं। जीत की तमाम निकृष्टताएं अपनाने की व्यवस्था हो चुकी है। मेरा मतलब बूथ कैप्चरिंग और फर्जी मतदान तुम्हारे पक्ष में जमकर होगा।'

फिर क्या था-उसका भी दिल 'जीतूं-जीतूं' कर बोला-'तुम्हारा आभार मैं कैसे चुका पाऊंगा।' मैंने कहा-'कुछ हरे नोट देकर।' राजी-राजी वह भी ले आए। अब जीते कोई भी जीतना तो एक है ही, क्योंकि तीनों नेताओं के दिल जीतूं-जीतूं कर धड़क रहे थे।

X



**नरेंद्र मोदी,** प्रधानमंत्री
@narendramodi
2024 का ये चुनाव भारत के स्वाभिमान को नई बुलंदी देने का चुनाव है। क्रांतिकारियों की जननी शाहजहांपुर की धरती पर आकर गौरवान्वित महसूस कर रहा हूं।

## नॉलेज कॉर्नर: 25 अप्रैल 1953 को हुई थी डीएनए की खोज

# कई राज खोलता डीऑक्सीराइबो न्यूक्लिक एसिड

आज ही के दिन यानी 25 अप्रैल 1953 को जब दो वैज्ञानिकों ने इसकी संरचना की व्याख्या की तो पूरी दुनिया हैरान रह गई थी। इस बारे में जानने की कोशिश करते हैं कि डीएनए कैसे-कैसे राज खोल सकता है। क्राइम थ्रिलर मूवी-सीरियल में देखा होगा कि जब किसी शव की पहचान नहीं हो पाती तो उसके डीएनए टेस्ट का फैसला लिया जाता है। डीएनए यानी डीऑक्सीराइबो न्यूक्लिक एसिड से पता चल जाता है कि किसी व्यक्ति की शारीरिक संरचना कैसी है और वह संरचना जिससे मैच करेगी, वे आपस में रक्त संबंधी होंगे। आज के नॉलेज कॉर्नर में विस्तार से जानते हैं डीएनए टेस्ट के बारे में...

### प्रोटीन के उत्पादन में भी अहम भूमिका

सभी जीवों में अनुवांशिक सूचनाओं के लिए जवाबदेह होने के साथ ही डीएन की अहम भूमिका शरीर में प्रोटीन के उत्पादन में भी होती है। डीएनए और राइबोन्यूक्लिक एसिड यानी आरएनए न्यूक्लिक एसिड ही होते हैं। लिपिड, प्रोटीन और जटिल कार्बोहाइड्रेट के साथ न्यूक्लिक एसिड सभी जीवों के लिए जरूरी चार प्रमुख मैक्रोमोलेक्यूल्स में से एक हैं। डीएनए को पांच भागों में बांटा जाता है। इन्हें एडेनिन (ए), साइटोसिन (ए) (सी), गुआनिन (जी), थाइमिन (टी) और यूरासिल (यू) कहा जाता है।डीएनए आमतौर पर यूकेरियोटिक ऑर्गेनिज्म में लीनियर क्रोमोसोम और प्रोकैरियोट्स में सर्कुलर क्रोमोसोम के रूप में मिलता है। किसी भी सेल यानी कोशिश का जीनोम उसके क्रोमोसोम से ही बना होता है। मनुष्य के डीएनए के लगभग 3 बिलियन बेस पेयर वास्तव में 46 क्रोमोसोम में व्यवस्थित होते हैं। डीएनए द्वारा उपलब्ध कराई जाने वाली सूचनाएं टुकड़ों में होती है, जिसे हम जीन के रूप में जानते हैं।



### जेम्स और फ्रांसिस ने की ने डीएनए संरचना की व्याख्या

यह साल 1869 की बात है। स्विस बायोलॉजिस्ट जोहांस फ्रेडरिक मिशर व्हाइट ब्लड सेल्स (सफेद रक्त कोशिका) पर शोध कर रहे थे। उसी दौरान उन्होंने पहली बार डीएनए की पहचान की थी। इसके लंबे समय बाद साल 1953 में कैम्ब्रिज विश्वविद्यालय के दो वैज्ञानिकों जेम्स डी वॉटसन और फ्रांसिस क्रिक ने डीएनए की संरचना की व्याख्या की। इन्होंने डीएनए मॉल्यूक्यूल के डबल हेलिक्स स्ट्रक्चर की खोज की। इसके बाद यह पता चला कि सभी जीवों में अनुवांशिक सूचनाओं के लिए डीएनए जिम्मेदार होता है। दोनों वैज्ञानिकों को इस खोज के लिए साल 1962 में नोबेल पुरस्कार से सम्मानित किया गया था।

### वायरस में भी होता है डीएनए

*यही बात वायरस पर भी लागू होती है, क्योंकि उनमें भी अनुवांशिक मैटेरियल के रूप में ज्यादातर आरएनए या डीएनए ही पाया जाता है। कुछ वायरस में जेनेटिक मैटेरियल के रूप में आरएनए तो कुछ में डीएनए पाया जाता है। कोरोना वायरस की पहचान भी इसी के जरिए करने में आसानी हुई थी।*

कंटेंट: कुलदीप सिंह जादौन

## पूर्णिमा यूनिवर्सिटी में इंटरनेशनल कॉन्फ्रेंस की शुरुआत, देश-विदेश के विशेषज्ञ जुटे

# सस्टेनेबल डेवलपमेंट सभी की जिम्मेदारी, मिलकर दें योगदान

बेधड़क | जयपुर

सस्टेनेबल डेवलपमेंट टीचर्स, साइंटिस्ट्स या किसी एक वर्ग की जिम्मेदारी नहीं है, इस लक्ष्य को हासिल करने में हम सभी को अपनी ओर से हरसंभव योगदान देना होगा।

गुरुवार को शुरू हुई तीन दिवसीय इंटरनेशनल कॉन्फ्रेंस में देश-विदेश से शामिल हुए वैज्ञानिकों, इंजीनियर्स और शिक्षाविदों ने एक स्वर में यह बात कही। पूर्णिमा यूनिवर्सिटी में 'इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजिकल इनोवेशन फॉर सस्टेनेबल डेवलपमेंट' विषय पर यह कॉन्फ्रेंस आयोजित की जा रही है। इस कॉन्फ्रेंस में सिविल, मैकेनिकल, इलेक्ट्रिकल, कंप्यूटर साइंस, आईटी, एआई, मशीन लर्निंग ट्रैक में रिसर्च पेपर प्रस्तुत किए जा रहे हैं। कॉन्फ्रेंस में सिविल, मैकेनिकल, इलेक्ट्रिकल, कंप्यूटर साइंस, आईटी, एआई, मशीन लर्निंग ट्रैक में रिसर्च पेपर प्रस्तुत किए जा रहे हैं। लेफ्टिनेंट जनरल ए. अरुण, पीवीएसएम, वाईएसएम, एसएम, वीएसएम, चीफ ऑफ स्टाफ, साउथ वेस्टर्न कमांड कॉन्फ्रेंस के उद्घाटन समारोह के मुख्य अतिथि थे। जबकि ऑकलैंड यूनिवर्सिटी ऑफ टेक्नोलॉजी, न्यूजीलैंड के प्रो वाइस-चांसलर इंटरनेशनल प्रो. गाइ लिटिलफेयर गेस्ट ऑफ ऑनर और दक्षिण अफ्रीका की नेक्सस यूनिवर्सिटी की प्रेसिडेंट डॉ. कगोमोस्त्सो मोरोटोला स्पेशल गेस्ट रहे।





### ऐसे कार्यक्रमों पर दिया जोर

पूर्णिमा यूनिवर्सिटी के प्रेसिडेंट डॉ. सुरेश चंद्र पाढ़ी ने कुछ बड़ी कंपनियों की विफलता के उदाहरण देते हुए बताया कि समय के साथ चलना और अपने आपको अपडेट रखना अत्यंत आवश्यक है। प्रो. प्रेसिडेंट डॉ. मनोज गुप्ता ने वर्तमान समय में इस तरह की कॉन्फ्रेंस की आवश्यकता पर जोर दिया। इस अवसर पर रजिस्ट्रार डॉ. चांदनी कृपलानी, रिसर्च एंड डेवलपमेंट के डीन डॉ. सुनील गुप्ता और फैकल्टी ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी के डीन डॉ अंकुश जैन उपस्थित थे। अंत में कॉन्फ्रेंस की संयोजक डॉ. रिया मजूमदार द्वारा धन्यवाद ज्ञापित किया गया। उल्लेखनीय है कि यह कॉन्फ्रेंस आईजीबीसी जयपुर चैप्टर, अशरे राजस्थान, नेक्सस यूनिवर्सिटी, एमएनआईटी-जयपुर और मौलाना आजाद नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी जैसे संस्थानों के सहयोग से आयोजित की जा रही है।

### प्रतिभागियों को किया मोटिवेट

लेफ्टिनेंट जनरल ए. अरुण ने प्रतिभागियों को मोटिवेट करते हुए कहा कि आप सफल हों या ना हों, लेकिन हमेशा बड़ा सोचो और बड़े आइडिया पर काम करो। लेफ्टिनेंट जनरल ए. अरुण ने प्रतिभागियों को मोटिवेट करते हुए कहा कि आप सफल हों या ना हों, लेकिन हमेशा बड़ा सोचो और बड़े आइडिया पर काम करो। लेफ्टिनेंट जनरल ए. अरुण ने प्रतिभागियों को मोटिवेट करते हुए कहा कि आप सफल हों या ना हों, लेकिन हमेशा बड़ा सोचो और बड़े आइडिया पर काम करो। उन्होंने कहा कि सस्टेनेबल डेवलपमेंट के लिए आप कुछ नया व इनोवेटिव सोचकर उस पर जरूर कार्य करें।

## Yuva स्टोरीज

### निर्वाण विश्वविद्यालय में आयोजन

## क्विज कॉम्पटिशन में विद्यार्थियों ने दिखाई रुचि



विश्व पुस्तक दिवस

बेधड़क | जयपुर

निर्वाण विश्वविद्यालय जयपुर में विश्व पुस्तक और कॉपीराइट दिवस के अवसर पर क्विज कॉम्पटिशन का आयोजन किया गया। इस अवसर हैड लाइबरेरियन डॉ. रीना आनंद ने जानकारी दी कि केंद्रीय पुस्तकालय "ज्ञान धारा" द्वारा एक क्विज कॉम्पटिशन का आयोजन किया गया। जिसमें विश्वविद्यालय के सभी संकायों के लगभग 80 से अधिक विद्यार्थियों ने भाग लिया। इस क्विज कॉम्पटिशन में सामान्य विज्ञान और करेंट जीके और पुस्तकालय विज्ञान से संबन्धित 100 प्रश्नों की सूची रखी गई। क्विज कॉम्पटिशन के अंत में इसका परिणाम घोषित किया गया जिसमें संयुक्त रूप से प्रथम स्थान पर महक, विक्रांत यादव, कृष चौधरी रहे। इसी प्रकार द्वितीय स्थान पर दीपेश कुमार और आकांक्षा साहू रहे तथा तृतीय स्थान पर मोहित फुलवारिया और खुशी जांगिड़ रहे।विश्व पुस्तक और कॉपीराइट दिवस पर युनेस्को ने 23 अप्रैल 1995 से शुरू किया।

## साक्षात्कार का पांचवा चरण 1 मई से

बेधड़क | जयपुर

राजस्थान लोक सेवा आयोग की ओर से कनिष्ठ विधि अधिकारी (विधि एवं विधिक कार्य विभाग) भर्ती 2023 के पदों के लिए साक्षात्कार का पांचवा चरण 1 से 3 मई और 7 से 9 मई, 2024 तक आयोजित किया जाएगा। अभ्यर्थियों के साक्षात्कार पत्र आयोग की वेबसाइट पर जल्द अपलोड कर दिए जाएंगे। इसी तरह पशु चिकित्सा अधिकारी भर्ती 2019 के साक्षात्कार का 13वां चरण 1 से 9 मई तक आयोजित होगा। आरपीएससी के सचिव रामनिवास मेहता ने बताया कि पांचवें चरण में 126 अभ्यर्थियों के साक्षात्कार का आयोजन निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार किया जाएगा। आयोग की ओर से पशु चिकित्सा अधिकारी (पशुपालन विभाग) भर्ती 2019 के पदों के लिए साक्षात्कार का 13वां चरण 1 से 3 मई और 7 से 9 मई 2024 तक आयोजित किया जाएगा। साक्षात्कार पत्र आयोग की वेबसाइट पर जल्द अपलोड किए जाएंगे। 13वें चरण में 174 अभ्यर्थियों के साक्षात्कार का आयोजन निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार ही किया जाएगा।

## विद्यार्थियों के लिए पिछवाई आर्ट की वर्कशॉप



बेधड़क | जयपुर

भारतीय विद्या भवन इन्फोसिस फाउंडेशन कल्चरल आउटरीच प्रोग्राम की 105वीं कड़ी के तहत राजस्थान की प्रसिद्ध पिछवाइ आर्ट की 2 दिवसीय वर्कशॉप विद्याश्रम जेएलएन मार्ग व प्रताप नगर, दोनों स्कूल में प्रारंभ हुई। दोनों स्कूल के 42 विधार्थी इस कला को सीख रहे हैं।

करौली, नाथद्वारा से आए प्रसिद्ध पिछवाई कलाकार हरीश चंद्र स्वर्णकार व उनकी दो पुत्रियां निधि सोनी व वेणु सोनी इन विद्यार्थियों को यह कला सिखाएंगे। श्री नाथ जी के, नाथद्वारा प्राकट्य के समय उनके साथ उनका वृंद भी वहां आया था, उस समय ठाकुर जी के श्रृंगार के निमित्त जडिया समुदाय के जो सेवादार थे, उनके वंशज हरीश जी इस विधा के बारे में बताते हैं कि ठाकुर जी के पीछे प्रवाहित आनंद को चित्रित करते रहने की सतत चित्र प्रक्रिया ही पिछवई कला कहलाती है।

## IIS यूनिवर्सिटी में नेशनल कैंप कलाभ्य का आगाज

# आर्टिस्टों ने कैनवास पर सजाया कला व रंगों का अनुपम संसार



### नामी कलाकारों के साथ सीखी पेंटिंग्स की बारीकियां

बेधड़क | जयपुर

आईआईएस(डीम्ड टू बी यूनिवर्सिटी) मानसरोवर, जयपुर के स्कूल ऑफ फाईन आर्ट्स डिपार्टमेंट की ओर से छह दिवसीय नेशनल कैंप कलाभ्यः का आगाज यूनिवर्सिटी के सृजन हॉल में गुरुवार, 25 अप्रैल को हुआ। इस नेशनल कैंप का उद्घाटन यूनिवर्सिटी के चांसलर डॉ. अशोक गुप्ता ने किया। इस मौके पर वाइस चांसलर डॉ. टीएन माथुर, रजिस्ट्रार डॉ. राखी गुप्ता, एडवाइजर केएस शर्मा, आटर्स एंड साइंस की डीन डॉ. ईला जोशी मौजूद रहीं।

चांसलर डॉ. अशोक गुप्ता ने कलाकारों को उनकी स्टॉल्स भेंट कीं। इसमें देश भर से 25 एमिनेंट आर्टिस्ट हिस्सा ले रहे हैं। शिविर के पहले दिन गुरुवार को आर्टिस्ट ने दमदार ब्रश स्ट्रोक्स और रंगों से अपने कैनवस को सजाने में जुट गए। कला के उत्साहित छात्रों ने भी देश के इन नामी कलाकारों के आर्टवर्क की शुरुआत को करीब से देखा और उनसे रंग संयोजन और टेक्निक के इस्तेमाल करने का सबक सीखा।

### यह आर्टिस्ट ले रहे हिस्सा

नेशनल कैंप कलाभ्य: में हैदराबाद से अंजनि रेड्डी, नई दिल्ली से अनूप कुमार चंद व तपन दास, भुवनेश्वर से मानस रंजन जेना, वाराणसी से प्रनम सिंह, कोलकाता से सुकांता दास, लखनऊ से उमेन्द्र प्रताप सिंह, जम्मू से केके गांधी समेत जयपुर से वरिष्ठ चितेरे विद्यासागर उपाध्याय व गौरीशंकर शर्मा, अब्बास बाटलीवाला व ललित शर्मा, शैल चोयल (सभी उदयपुर) के अलावा आईआईएसयू से श्वेत गोयल, उज्ज्वला एम.तिवारी, डिंपल दलाल, गिरिराज शर्मा, एकता शर्मा, ज्योति जालान, मनिका शर्मा, शीतल चितलांगिया, वागिश शर्मा, विनोद नागर शामिल हैं।

### आर्ट वर्क में दिखेगी कलाकारों की प्रयोगधर्मिता

कैंप के दौरान यह तमाम नामी चितेरे विभिन्न मीडियम्स में एब्सट्रैक्ट, सेमी एब्सट्रैक्ट, रियलिस्टिक पेंटिंग्स में विषय की रचनात्मकता के साथ प्रयोगधर्मिता का बेहतरीन संयोजन दर्शाएंगे। इनमें कलरटोंस और उम्दा टेक्निक का कला संसार देखना बेहद दिलचस्प होगा। इस दौरान इंस्टालेशन, म्यूरल्स और स्कल्पचर भी देखने को मिलेंगे। आर्ट स्टूडेंट्स को इस कैंप में कला की बारीकी सीखने को मिलेगी। इस अलावा देश के नामी आर्टिस्ट्स को उनके आर्टवर्क के साथ करीब से देखने व उनसे रूबरू होने का मौका मिलेगा। नेशनल कैंप के समापन पर 30 अप्रैल को यूनिवर्सिटी कैंपस में ही एग्जीबिशन लगाई जाएगी।



### वीजीयू में होगा आयोजन

# भारतीय ज्ञान प्रणालियों पर अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन



बेधड़क | जयपुर

विवेकानन्द ग्लोबल यूनिवर्सिटी में 26-27 अप्रैल 2024 को भारतीय ज्ञान प्रणालियों पर अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन - "अनुभूतिः भारतीय ज्ञान प्रणालियों के माध्यम से एक यात्रा" का आयोजन कर रहा है। इस कार्यक्रम का उद्देश्य भारतीय ज्ञान प्रणालियों (आईकेएस) के महत्व को उजागर करना और राष्ट्रीय शिक्षा नीति (एनईपी) 2020 के उद्देश्यों के साथ संरेखित करना है। सम्मेलन को भारतीय सामाजिक विज्ञान अनुसंधान परिषद (आईसीएसएसआर) द्वारा प्रायोजित किया जा रहा है और प्रबंधन संकाय द्वारा आयोजित किया जा रहा है। राष्ट्रीय समाज विज्ञान परिषद के सहयोग से वीजीयू में। यह सम्मेलन दुनिया भर से लगभग 25 प्रतिष्ठित शिक्षाविदों को भारतीय ज्ञान प्रणालियों से संबंधित विषयों की एक विस्तृत श्रृंखला पर चर्चा, बहस और अपनी अंतर्दृष्टि साझा करने के लिए एक साथ लाएगा।

उल्लेखनीय वक्ताओं में प्रो. एडीएन बाजपेयी, कुलपति, अटल बिहारी वाजपेयी विश्वविद्यालय, बिलासपुर, प्रोफेसर शीला राय, परिषद सदस्य, आईसीएसएसआर, प्रो. जॉय सेन, आईआईटी खड़गपुर, प्रोफेसर आशीष पांडे, आईआईटी बॉम्बे; प्रोफेसर टीवी भारत, आईआईटी गुवाहाटी; प्रोफेसर रमेश सालियान, जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय (जेएनयू), दिल्ली, कर्नल डॉ. उपदेश क्र. शर्मा, नीति आयोग, दिल्ली, प्रोफेसर धर्म भावुक, हवाई विश्वविद्यालय; डॉ. अपर्णा धीर, यूएसए शामिल हुए।

## JECRC में 'प्रोत्साहन 24' का समापन



जयपुर। जेईसीआरसी यूनिवर्सिटी में "प्रोत्साहन 24' के आठवें एडिशन का समापन हुआ। इस वर्ष स्टूडेंट्स ने एडवांस्ड टेक्नोलॉजी, एआई,एमएल, एआर/वीआर, फोरेंसिक विज्ञान और मानसिक स्वास्थ्य जैसे अनछुए क्षेत्रों पर कार्यशालाएं और प्रतियोगिताओं के साथ-साथ खेल भी शामिल रहे साथ ही इनोवेशन, डिज़ाइन थिंकिंग, मशीन लर्निंग, 3D प्रिंटिंग और सोशल मीडिया प्रेसेंसे जैसी रचनात्मक और फ्यूचर बेस्ड टेक्नोलॉजीज को करीब से समझा। धीमंत अग्रवाल, डिजिटल स्ट्रेटेजी हेड, जेईसीआरसी यूनिवर्सिटी ने कहा कि हर साल प्रोत्साहन का आयोजन हमें ऊर्जावान युवाओं से मिलने का और उन्हें उनके करियर में सही जगह कदम रखने का मौका देता है।

तैयारी | 30 हजार से अधिक शिक्षक जुटे, 19 लाख 39 हजार ने दी परीक्षा

# दो करोड़ उत्तर पुस्तिका जांचने में 35 करोड़ होंगे खर्च

बेधड़क | जयपुर

राजस्थान माध्यमिक शिक्षा बोर्ड के सीनियर सेकेंडरी, सेकेंडरी और समकक्ष परीक्षाओं की 2 करोड़ से ज्यादा उत्तर पुस्तिकाओं की जांच के लिए 35 करोड़ रुपए खर्च होंगे।

उत्तर पुस्तिकाओं के मूल्यांकन के लिए 30 हजार परीक्षक नियुक्त किए गए हैं। इस बार बोर्ड की परीक्षा में 19 लाख 39 हजार 345 छात्र सम्मिलित हुए थे। राजस्थान माध्यमिक शिक्षा बोर्ड के सचिव कैलाश चंद्र शर्मा ने बताया कि उत्तर पुस्तिकाओं के मूल्यांकन के लिए 30 हजार शिक्षकों को नियुक्त किया गया है। मूल्यांकन कार्य जारी है। 15 रुपए प्रति उत्तर पुस्तिका के हिसाब से शिक्षकों को भुगतान किया जाएगा।




अगले सप्ताह से ऑनलाइन अंक प्राप्त होना शुरू हो जाएंगे। बोर्ड का प्रयास है कि मई के दूसरे पखवाड़े से परीक्षा परिणाम जारी किए जा सकें। बोर्ड के अनुसार इस बार 19 लाख 39 हजार 345 परीक्षार्थी परीक्षा में सम्मिलित हुए थे। इनमें 10 लाख 62 हजार 341 परीक्षार्थी सेकेंडरी और 8 लाख 66 हजार 270 परीक्षार्थी सीनियर सेकेंडरी, 3 हजार 671 वरिष्ठ उपाध्याय और 7 हजार 63 प्रवेशिका के विद्यार्थी शामिल हैं।प्रदेश के 6 हजार 144 केंद्रों पर परीक्षा ली गई थी। इनकी उत्तर पुस्तिकाओं की संख्या 2 करोड़ 32 लाख 72 हजार 140 है।

बोर्ड ने मूल्यांकन के लिए राज्य के समस्त 50 जिलों में विषय वार परीक्षकों को नियुक्त किया है। राज्य में 25 जगह पर केंद्रीय कृत मूल्यांकन की व्यवस्था की गई है, जहां शिक्षक इन केंद्रों पर पहुंचकर उत्तर पुस्तिकाएं जांच रहे हैं।

### 20 दिन में जांचनी होती है उत्तर पुस्तिका

बोर्ड की ओर से नियुक्त किए गए सभी 30 हजार परीक्षकों को मूल्यांकन के लिए 20 दिन का समय दिया गया है। सामान्यतः एक परीक्षक की ओर से 15 से 20 दिन में 300 से 350 उत्तर पुस्तिकाओं का मूल्यांकन कर लिया जाता है। मूल्यांकन की पूरी जिम्मेदारी संबंधित परीक्षक की ही होती है।

### ऑनलाइन भेजेंगे बोर्ड को अंक

मूल्यांकन प्रक्रिया के पूरा होने के बाद हर परीक्षक अपने पास मौजूद रोल नंबर के अनुरूप ही बोर्ड को ऑनलाइन ही मूल्यांकन अंक भेजेंगे। यह प्रक्रिया पूर्ण रूप से गोपनीय रहती है। मूल्यांकन के दौरान ऑनलाइन सिस्टम से संबंधित परीक्षक केवल खुद के मूल्यांकन अंक ही देख सकते हैं। मसलन अन्य परीक्षक की ओर से ऑनलाइन भेजे गए अंक उसे दिखाई नहीं देंगे।

**लोकसभा चुनाव:** दूसरे चरण में 13 राज्यों की 88 सीटों पर मतदान आज, BJP की नजर केरल पर टिकी-खाता खुलने की उम्मीद

# राहुल व थरूर समेत कई हस्तियों के सियासी भाग्य का होगा फैसला

**एजेंसी** | नई दिल्ली

लोकसभा चुनाव के दूसरे चरण के लिए 13 राज्यों की 88 सीटों पर 26 अप्रैल को मतदान होगा। दरअसल, दूसरे चरण में 89 सीटों पर मतदान होना था, लेकिन मध्य प्रदेश की बैतूल सीट पर बसपा प्रत्याशी के निधन के बाद इस सीट पर अब 7 मई को चुनाव होगा। चुनाव आयोग ने भीषण गर्मी के बीच शांतिपूर्ण और निष्पक्ष मतदान सुनिश्चित करने के लिए हरसंभव तैयारियां की हैं। इस चरण में केरल की सभी सीटों पर मतदान होगा



और भाजपा को उम्मीद है कि इस बार वहां उसका खाता खुलेगा। पहले चरण में अधिकतर राज्यों में 2019 की तुलना में मतदान काफी कम हुआ था। ऐसे में राजनीतिक दलों के सामने दूसरे चरण में मतदाताओं को मतदान केंद्र तक



लाना भी एक बड़ी चुनौती होगी। दूसरे चरण में कई दिग्गज राजनेता व हस्तियां चुनाव मैदान में हैं, जिनके सियासी भाग्य का फैसला शुक्रवार शाम मतदान समाप्ति के साथ ही ईवीएम में लॉक हो जाएगा। इनमें कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल



गांधी, पार्टी के वरिष्ठ नेता शशि थरूर, कर्नाटक के पूर्व मुख्यमंत्री एचडी कुमारस्वामी, अभिनेत्री व भाजपा सांसद हेमा मालिनी और टीवी धारावाहिक रामायण में राम की भूमिका निभाने वाले अभिनेता अरुण गोविल भी शामिल हैं।

### कहां कितनी सीटों पर होगा मतदान

| | | |
|---|---|---|
| केरल | - | 20 |
| कर्नाटक | - | 14 |
| राजस्थान | - | 13 |
| उत्तर प्रदेश | - | 8 |
| महाराष्ट्र | - | 8 |
| मध्य प्रदेश | - | 6 |
| असम | - | 5 |
| बिहार | - | 5 |
| बंगाल | - | 3 |
| छत्तीसगढ़ | - | 3 |

(मणिपुर, त्रिपुरा, जम्मू-कश्मीर में 1-1 सीटों पर मतदान होगा)

### ये दिग्गज हैं मैदान में

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| राहुल गांधी (कांग्रेस) | - | **वायनाड** | यदुवीर वाडियार (भाजपा) | - | **मैसूरु** |
| शशि थरूर (कांग्रेस) | - | **तिरुवनंतपुरम** | सुकांत मजूमदार (भाजपा) | - | **बालुरघाट** |
| एचडी कुमारस्वामी (जेडीएस) | - | **मांड्या** | राजीव चन्द्रशेखर (भाजपा) | - | **तिरुवनंतपुरम** |
| हेमा मालिनी (भाजपा) | - | **मथुरा** | तेजस्वी सूर्या (भाजपा) | - | **बेंगलुरु दक्षिण** |
| अरुण गोविल (भाजपा) | - | **मेरठ** | भूपेश बघेल (कांग्रेस) | - | **राजनांदगांव** |
| पप्पू यादव या राजेश रंजन (कांग्रेस) | - | **पूर्णिया** | नवनीत कौर राणा (भाजपा) | - | **अमरावती** |

### 2019 में NDA ने जीती थी 50 सीटें

2019 में 89 सीटों पर सबसे ज्यादा भाजपा को 50 और राजग के सहयोगी दलों ने 8 सीटें जीती थीं। कांग्रेस के खाते में 21 सीटें गईं थीं। अन्य को 9 सीटें मिली थीं।

## गाड़ियां जब्त हुईं तो धरने पर बैठे पप्पू यादव



**कटिहार।** पूर्णिया लोकसभा सीट से निर्दलीय चुनाव लड़ रहे पप्पू यादव को गुरुवार को पुलिस ने उनकी गाड़ी से नीचे उतार दिया। इतना ही नहीं, पुलिस ने पप्पू यादव की चार गाड़ियां भी जब्त कर लीं। इस घटना के बाद पप्पू यादव अपने समर्थकों के साथ कटिहार पुलिस प्रशासन के खिलाफ धरने पर बैठ गए। पप्पू यादव ने कहा, मैं यहां से नहीं हटूंगा। यह मेरे अधिकारों का हनन है। मेरे साथ अन्याय हुआ है। मैं न्याय की मांग करता हूं। पप्प यादव के धरने पर बैठने की खबर पर पूर्णिया और कटिहार पुलिस के आलाधिकारी मौके पर पहुंच गए। दरअसल पप्पू यादव गुरुवार को कटिहार के कोढ़ा विधानसभा के दिघरी गांव में जनसंपर्क के लिए पहुंचे थे। इस दौरान पप्पू यादव को पुलिस ने रोक लिया। पुलिस प्रशासन का कहना है कि पप्पू यादव आचार संहिता का पालन नहीं कर रहे थे।

## बसपा रायबरेली से लड़ेगी चुनाव प्रत्याशी घोषित

**लखनऊ।** आखिरकार लंबे इंतजार के बाद बहुजन समाज पार्टी ने उत्तर प्रदेश की यबरेली संसदीय सीट के लिए अपना प्रत्याशी घोषित कर दिया है। बसपा ने ठाकुर प्रसाद को अपना उम्मीदवार बनाया है। ठाकुर प्रसाद ने दो बार यहां से विधानसभा का चुनाव लड़ा था, लेकिन हार गए थे। इसके अलावा बसपा ने अंबेडकरनगर सीट पर कमर हयात अंसारी और बहराइच सीट पर बृजेश कुमार सोनकर को उम्मीदवार बनाया गया है। रायबरेली कांग्रेस का परम्परागत गढ़ रहा है। लेकिन इस बार कांग्रेस ने अभी तक वहां से प्रत्याशी घोषित नहीं किया है। फिलहाल ऐसे कयास हैं कि कांग्रेस नेता प्रियंका गांधी वहां से चुनाव लड़ सकती हैं।

**पीएम मोदी ने यूपी की** सभाओं में कांग्रेस व सपा को जमकर घेरा

# OBC के हक पर डाका डालने की तैयारी में कांग्रेस-विपक्षी गठबंधन

**एजेंसी** | आगरा

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने गुरुवार को उत्तर प्रदेश में पार्टी के चुनाव अभियान को गति देते हुए आगरा, बरेली और शाहजहांपुर जिलों में चुनाव सभाओं को संबोधित किया। उन्होंने इस दौरान कांग्रेस और विपक्षी गठबंधन पर तीखा सियासी प्रहार किया। मोदी ने कांग्रेस और विपक्षी गठबंधन इंडिया पर तीखा हमला बोलते हुए कहा कि कांग्रेस की लूट, जिंदगी के साथ भी, जिंदगी के बाद भी। उन्होंने कहा कि कांग्रेस और विपक्षी गठबंधन इंडिया के लोग ओबीसी को मिले आरक्षण के हक पर डाका डालने की तैयारी में हैं।

उन्होंने कहा कि कांग्रेस के इस षड्यंत्र में समाजवादी पार्टी का भी पूरा साथ मिला है। सपा यादवों और पिछड़ों के साथ विश्वासघात कर रही है। स पीएम ने सपा पर प्रहार करते हुए कहा कि सपा को अपने परिवार के बाहर का यादव नहीं मिला, जिसको टिकट दे सके।

ये लोग हमेशा परिवार का ही भला करेंगे। परिवार के बाहर का कोई भी व्यक्ति हो, इनके लिए मायने नहीं हैं। पीएम मोदी आगरा में चुनाव सभा में कांग्रेस नेता राहुल गांधी पर निशाना साधते हुए कहा कि शहजादे की एक्स-रे मशीन अब बहन बेटियों की आलमारी की जांच करना चाहती है। उन्होंने यह भी कहा कि कांग्रेस वाले हमारे परिजनों द्वारा हमें दी गई संपत्ति पर भी ताला डालने की तैयारी में हैं। मोदी ने कहा है कि वह विकसित भारत के लिए आशीर्वाद मांगने आए हैं।

पीएम मोदी ने कहा कि भ्रष्टाचार के खिलाफ हमारी लड़ाई जारी है। जिन्होंने लूटा है, उसे लौटाना होगा। प्रधानमंत्री ने इसी दौरान कहा कि सोच रहा हूं कि जब्त धन जनता में बांट दूं। उन्होंने कहा कि यूपी में दो लड़कों में दोस्ती का आधार भी तुष्टीकरण की राजनीति है। दोनों मिलकर भाषण में ओबीसी-ओबीसी करते हैं और पिछले दरवाजे से ओबीसी का हक छीनना चाहते हैं।

मोदी ने कहा कि कांग्रेस ने पिछले दरवाजे से खेल खेलना शुरू किया है।




### बौखला गए हैं हथियारों के दलाल और उनके सहयोगी

प्रधानमंत्री ने कहा कि आगरा में बन रहे डिफेंस कॉरिडोर से ऐसे लोग बौखला गए हैं, जो दुनियाभर के हथियारों के दलालों से साठगांठ करके मलाई खाते थे। उन्होंने कहा कि हथियारों के दलाल पिछली सरकारों में घूस देकर अपना काम कराते थे। पीएम ने कहा कि देश के अंदर बैठे ऐसे लोग नाराज हैं, क्योंकि मोदी अब यहां शस्त्र बनाने और देश को आत्मनिर्भर बनाने की बात कहता है। वो नाराज है कि भारत की सेना आत्मनिर्भर बन रही है, इसलिए वो सभी मोदी के विरोध में एकजुट हो गए हैं।

### घोषणा पत्र पर मुस्लिम लीग का ठप्पा

पीएम मोदी ने कहा कि विपक्षी गठबंधन इंडिया तुष्टीकरण में जुटा है। 2024 के चुनाव में कांग्रेस ने जो घोषणा पत्र जारी किया है, उस पर शत-प्रतिशत मुस्लिम लीग का ठप्पा लगा हुआ है। पूरा घोषणा पत्र सिर्फ वोट बैंक को मजबूत करने के लिए समर्पित है। जबकि हमारा घोषणा पत्र देश को मजबूत करने के लिए समर्पित है। संविधान भारत में धर्म के आधार पर आरक्षण की सहमति नहीं देता। फिर भी कांग्रेस आए दिन बाबा साहेब अंबेडकर का अपमान करती है। संविधान का अपमान करती है और सामाजिक न्याय की धज्जियां उड़ा देती है।

### प्रधानमंत्री मोदी दूसरे दिन भी पहुंचे मध्य प्रदेश कांग्रेस पर फिर साधा निशाना

**मुरैना।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी उत्तर प्रदेश में चुनावी सभाओं को संबोधित करने के बाद मध्य प्रदेश के मुरैना में चुनाव सभा को संबोधित किया। पीएम मोदी लगातार दूसरे दिन मध्य प्रदेश के दौरे पर पहुंचे। यहां पुलिस मैदान में आयोजित चुनावी सभा में पीएम मोदी ने कहा कि कांग्रेस कुर्सी के लिए छटपटा रही है। भांति भांति के खेल खेल रही है। आपके भविष्य को बर्बाद करने के लिए कांग्रेस जुटी हुई है। यह धार्मिक तुष्टीकरण को अपना रहे हैं। तुष्टीकरण में डूबी कांग्रेस कर्नाटक का मॉडल पूरे देश में लागू करना चाहती है। कांग्रेस पिछड़ों, आदिवासियों का हक छीनने का षड़यंत्र कर रही है।

**राकांपा (SCP) के** घोषणा पत्र में कई वादे

# महिलाओं को 50% आरक्षण, LPG- पेट्रोल डीजल के दाम होंगे कम




**एजेंसी** | मुंबई

लोकसभा चुनाव के लिए राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी- शरद चंद्र पवार (एनसीपी-एससीपी) ने गुरुवार को अपना घोषणापत्र जारी कर कई वादे किए हैं। पार्टी ने जाति जनगणना के लिए समर्थन जताते हुए किसानों के कल्याण के लिए एक अलग आयोग के गठन, प्रशिक्षुता का अधिकार और नौकरियों में महिलाओं के लिए 50 प्रतिशत आरक्षण जैसे अहम वादे किए हैं। पार्टी का कहना है कि वह जम्मू एवं कश्मीर को पूर्ण राज्य के दर्जे का समर्थन करती है और 'एक राष्ट्र, एक चुनाव' के विचार को खारिज करती है।

### घोषणा पत्र में अहम

- एलपीजी सिलेंडर की कीमत 500 रुपए होगी तय
- एक राष्ट्र एक चुनाव के विचार को किया खारिज
- जातिगत जनगणना का समर्थन
- किसानों के लिए अलग आयोग के गठन का वादा

घोषणा पत्र का 'शपथनामा' नाम दिया गया है। घोषणा पत्र में कहा गया है कि अगर केंद्र में विपक्षी गठबंधन की सरकार बनी तो एलपीजी सिलेंडर की कीमतें कम की जाएंगी तथा सीएए कानून की समीक्षा समीक्षा और अग्निपथ योजना बंद होगी।

### मुद्दों को संसद में उठाएंगे

घोषणा पत्र पार्टी प्रमुख शरद पवार की मौजूदगी में जारी किया गया। घोषणा पत्र जारी करते हुए पार्टी की महाराष्ट्र इकाई के अध्यक्ष जयंत पाटिल ने कहा, घोषणापत्र में जो मुद्दे शामिल हैं, हमारे नेता इन मुद्दों को संसद में उठाएंगे। हमारा घोषणापत्र 'शपथ पत्र' है। महंगाई बढ़ रही है, किसान परेशान हैं

**राहुल अमेठी-प्रियंका** रायबरेली से लड़ सकते हैं चुनाव

# राहुल का 2 मई को नामांकन संभव

**एजेंसी** | नई दिल्ली

कांग्रेस के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष राहुल गांधी उत्तर प्रदेश की अमेठी लोकसभा सीट से चुनाव लड़ सकते हैं। इस बारे में पार्टी के शीर्ष नेतृत्व से संकेत मिलने के बाद स्थानीय कांग्रेस कमेटी सक्रिय हो गई है। कांग्रेस कार्यालय पर वरिष्ठ नेताओं की लगातार बैठकें हो रही हैं।

बताया यह भी जा रहा है कि शुक्रवार या शनिवार को राहुल गांधी की टीम अमेठी आ जाएगी। अमेठी में शुक्रवार से नामांकन शुरू हो जाएगा। सूत्रों के अनुसार पार्टी के उच्च पदाधिकारी उम्मीदवारी को लेकर अभी सब कुछ स्पष्ट



नहीं करना चाहते हैं। एक वरिष्ठ पदाधिकारी ने बताया कि राहुल गांधी और प्रियंका गांधी दोनों के नाम को लेकर गंभीर चर्चा चल रही है।

अमेठी व रायबरेली दो सीटें हैं। ऐसे में दोनों को लेकर पूरी गंभीरता से मंथन चल रहा है।

### अयोध्या भी जा सकते हैं राहुल

पार्टी से जुड़े सूत्र यह भी बता रहे हैं कि राहुल गांधी अमेठी आने से पूर्व अयोध्या दर्शन करने के लिए भी जा सकते हैं। दरअसल अमेठी में जब भारत जोड़ो यात्रा आई हुई थी तब राहुल गांधी के अयोध्या जाने का कार्यक्रम बनाया गया था, लेकिन बाद में उसे निरस्त करना पड़ा था।

सूत्रों के अनुसार बुधवार को प्रदेश महासचिव योगेंद्र मिश्र व जिलाध्यक्ष प्रदीप सिंघल ने बंद कमरे में लंबी बैठक की। गुरुवार को भी कई बड़े नेताओं की बैठकों का सिलसिला जारी रहा।

# अखिलेश ने कन्नौज से किया नामांकन दाखिल

**एजेंसी** | कन्नौज

समाजवादी पार्टी के अध्यक्ष अखिलेश यादव ने गुरुवार को उत्तर प्रदेश की कन्नौज लोकसभा सीट से अपना नामांकन दाखिल किया। इस दौरान उनके साथ सपा के प्रमुख महासचिव राम गोपाल यादव एवं अन्य नेता भी मौजूद थे। मैनपुरी से पूर्व सांसद तेज प्रताप सिंह यादव को कन्नौज लोकसभा सीट से उम्मीदवार बनाया था। अखिलेश ने नामांकन करने के बाद संवाददाताओं से बातचीत में कहा कि कन्नौज में सपा के सभी नेताओं, कार्यकर्ताओं और आम जनता की यह ख्वाहिश थी कि वह इस सीट से चुनाव लड़ें।

### 24 पुरानी तस्वीर की साझा

नामांकन से पहले अखिलेश ने कन्नौज से नामांकन की 24 साल पुरानी एक तस्वीर 'एक्स' पर साझा की और लिखा, फिर इतिहास दोहराया जाएगा। अब नया भविष्य बनाया जाएगा। इस पर अखिलेश के चाचा सपा महासचिव शिवपाल सिंह यादव ने लिखा, विजय भव: सर्वदा। अखिलेश यादव पूर्व में तीन बार कन्नौज से ही सांसद रह चुके हैं। वर्ष 2000 में कन्नौज सीट पर हुए उपचुनाव में वह पहली बार सांसद चुने गये थे। उसके बाद वह 2004 और 2009 में भी इसी सीट से सांसद रहे

**मुस्लिम समुदाय को आरक्षण**

# NCBC कर्नाटक के मुख्य सचिव को करेगी तलब

**एजेंसी** | नई दिल्ली

राष्ट्रीय पिछड़ा वर्ग आयोग (एनसीबीसी) के अध्यक्ष हंसराज अहीर ने गुरुवार को कहा कि कर्नाटक में मुस्लिम समुदाय को दिए गए पूर्ण आरक्षण पर राज्य के मुख्य सचिव को तलब किया जाएगा। एनसीबीसी ने आरक्षण उद्देश्यों के लिए पूरे मुस्लिम समुदाय को पिछड़ी जाति के रूप में वर्गीकृत करने के कर्नाटक सरकार के फैसले की आलोचना करते हुए कहा है कि इस तरह का व्यापक वर्गीकरण सामाजिक न्याय के सिद्धांतों को कमजोर करता है। अहीर ने कहा, कर्नाटक में मुस्लिम धर्म की सभी जातियों/समुदायों को नागरिकों के सामाजिक और शैक्षिक रूप से पिछड़े वर्ग माना जाता है और पिछड़े वर्गों की राज्य सूची में श्रेणी IIB के तहत अलग से मुस्लिम जाति के रूप में वर्गीकृत किया गया है।

**खरगे ने पीएम मोदी को लिखा पत्र**

# कांग्रेस का घोषणा पत्र समझाने के लिए मांगा समय, गलत बयानी का आरोप

**एजेंसी** | नई दिल्ली

कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने लोकसभा चुनाव में पार्टी के चुनाव घोषणा पत्र (न्याय पत्र) को लेकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सियासी हमलों के मद्देनजर उनको एक पत्र लिखकर मिलने का समय मांगा है। दो पृष्ठ के इस खुले पत्र में खरगे ने पीएम मोदी से कहा है कि वह पार्टी के न्याय पत्र को आपको समझाना चाहते हैं ताकि आप गलत बयान न दें।

खरगे ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर पीएम मोदी के नाम लिखे खुले पत्र को साझा किया है। पत्र में उन्होंने लिखा कि पीएम ने हाल के अपने भाषणों में जिस तरह की



भाषा का इस्तेमाल किया है, उससे वे बिल्कुल हैरान या अचंभित नहीं हैं।

खरगे ने कहा, चुनाव के पहले चरण में भाजपा की स्थिति को देखते हुए आप और आपकी पार्टी



के नेता ऐसा कहेंगे, इसका अंदाजा था। कांग्रेस हमेशा से ही वंचित गरीबों और उनके अधिकारों की बात करती रही है। हम जानते हैं कि आपको और आपकी सरकार को गरीबों की कोई चिंता नहीं है।

### पीएम पद की गरिमा कम करने का आरोप

खरगे ने कहा, ये आपकी आदत बन गई है कि आप पूरी बात में से कुछ शब्द उठाकर उसे गलत तरीके से पेश करते हैं। उससे सांप्रदायिक बंटवारा करते हैं। आप ऐसी बातें करके प्रधानमंत्री पद की गरिमा कम कर रहे हैं। जब ये सब खत्म हो जाएगा, तो लोग याद रखेंगे कि देश के प्रधानमंत्री ने एक चुनाव में हार के डर से इतनी अभद्र भाषा का प्रयोग किया। खरगे ने आगे लिखा, आपके सलाहकार आपको उन चीजों के बारे में गलत जानकरी दे रहे हैं, जो हमारे न्याय पत्र में हैं भी नहीं। इसलिए मुझे आपसे व्यक्तिगत तौर पर मिलकर आपको अपना मेनिफेस्टो समझाने में खुशी मिलेगी। ताकि आप देश के प्रधानमंत्री के तौर पर ऐसे बयान न दें, जो गलत है।

### सरकार कार्पोरेट के लिए करती है काम

मोदी सरकार को सूट-बूट की सरकार बताते हुए खरगे ने पत्र में लिखा है कि आपकी सूट-बूट की सरकार कॉर्पोरेट के लिए काम करती है, जिसके टैक्स आपने कम कर दिए हैं, जबकि सैलरी क्लास को ज्यादा टैक्स देना पड़ रहा है। गरीब को खाने और नमक पर भी ज्यादा जीएसटी देना पड़ रहा है, जबकि अमीर कॉर्पोरेट जीएसटी रिफंड क्लेम कर रहा है। इसलिए जब हम गरीब और अमीर के बीच बराबरी की बात करते हैं, तो आप उसे जानबूझकर हिंदू और मुस्लिम पर ले जाते हैं।

### कांग्रेस का घोषणा पत्र देश के लोगों के लिए

खरगे ने कहा कि कांग्रेस ने हमेशा गरीबों को सशक्त करने के लिए काम किया है। हमारा घोषणा पत्र देश के लोगों के लिए हैं, चाहे वे हिंदू, मुस्लिम, सिख, ईसाई, जैन या बौद्ध हों। मुझे लगता है कि आप अब तक आजादी के पहले के अपने साथियों- मुस्लिम लीग और अंग्रेजों को नहीं भूले हैं।

### घोषणा पत्र को सांप्रदायिक रंग दे रहे हैं पीएम मोदी: रमेश

इस बीच, कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश ने कहा कि पीएम मोदी कांग्रेस के घोषणा पत्र को सांप्रदायिक एंगल देने की कोशिश कर रहे हैं। उन्होंने आगे कहा, भाजपा मुश्किल में है। प्रधानमंत्री भी हैरान है। 19 अप्रैल के बाद वह पूरे एजेंडा को दूसरी दिशा में ले जाने की कोशिश



कर रहे हैं। वह ऐसे मुद्दों को उठा रहे हैं जिसका जिक्र हमारे घोषणापत्र में भी नहीं है। जयराम रमेश ने आरोप लगाते हुए कहा कि चुनावी रैलियों में पीएम मोदी हमारे घोषणापत्र का प्रचार कर रहे हैं। उन्होंने आगे कहा कि पहली बार कोई प्रधानमंत्री विपक्ष के घोषणापत्र का प्रचार कर रहा है।

## आयोजन से पूर्व निकाली रैली, द दीवा'ज क्लब की ओर से कल होगा कार्यक्रम

# "एक शाम बाबा खाटू श्याम के नाम" कार्यक्रम में बहेगी भक्ति रस की सरिता

■ कोलकाता के गायक कलाकार बिखेरेंगे अध्यात्म की स्वर लहरियां

**बेधड़क** | जयपुर

बाबा की जयकार के साथ रैली निकालकर जयपुराइट्स को भक्ति के माहौल में ले जाया गया तो लेडीज ने पोस्टर हाथों में लेकर बाबा की शान में होने वाले प्रोग्राम की तैयारियां कीं। ये अनूठा नजारा और प्रोग्राम था युवाओं को सनातन संस्कृति से जोड़ने और नई पीढ़ी में आध्यात्म का संचार करने के उद्देश्य से द दीवा'ज क्लब जयपुर की ओर से होने वाले भक्तिमय कार्यक्रम "एक शाम बाबा खाटू श्याम के नाम" की कड़ी में। 27 अप्रैल को होने वाले प्रोग्राम से पहले जयपुराइट्स ने रैली भी निकाली। हाथोज धाम के पीठाधीश्वर व हवामहल विधायक बालमुकुंदाचार्य के सान्निध्य में मानसरोवर स्थित आनंद महल में होने जा रही भक्ति संध्या में कोलकाता से पधारे भजन प्रवाहक राज व अन्य गायक कलाकार खाटू वाले श्याम बाबा की स्तुति में अनुपम रचनाएं प्रस्तुत कर आध्यात्म की स्वर लहरियां बिखेरेंगे।




### महिलाओं ने भी किया पार्टिसिपेट

भक्ति समारोह के क्रम में मानसरोवर स्थित होटल प्राइम सफारी से शोभा यात्रा और कार रैली निकाली गई, जो विभिन्न स्थानों से होते हुए आनंद महल पहुंचकर संपन्न हुई। श्री राधा-कृष्ण की झांकी से सुशोभित शोभायात्रा को बालमुकुंदाचार्य ने रवानगी दी। इस मौके पर द दीवा'ज क्लब की फाउंडर कीर्ति निखिल जोशी, होटल सफारी ग्रुप डायरेक्टर पवन गोयल, एसजीएम आउटडोर डायरेक्टर जे. डी. माहेश्वरी सहित अनेक लोग उपस्थित थे।

### सनातन में बढ़ रहा युवाओं का रुझान

द दीवा'ज क्लब की फाउंडर कीर्ति निखिल जोशी ने बताया, कि सनातन संस्कृति के प्रति युवाओं में रुझान बढ़ रहा है और इसी कड़ी में "एक शाम बाबा खाटू श्याम के नाम" हमारा यह द्वितीय आयोजन है। इस दौरान 80 फीट आकार में खाटूश्यामजी का अलौकिक दरबार सजाया जाएगा। इत्र और फूलों की वर्षा के बीच कोलकाता से गायक बाबा की महिमा में एक से बढ़कर एक भजन प्रस्तुत कर श्रद्धालुओं को भक्ति गंगा में डुबकियां लगवाएंगे। प्रभु इच्छा तक चलने वाले कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण छप्पन भोग और श्रीराधा-कृष्ण की जीवंत झांकियां होंगी। पोस्टर लॉन्च के मौके पर आयोजकों ने पूरी तैयारी के बारे में बताया और कहा, कि भक्ति का माहौल बनाने के लिए सभी एक मंच पर आए और प्रोग्राम वाली शाम को कई संत-महात्मा भी कार्यक्रम में हिस्सा लेंगे।




## राष्ट्रपति की मौजूदगी में डॉ. अभिषेक ने प्राप्त की डिग्री

**जयपुर।** जयपुर के डॉ. अभिषेक चक्रवर्ती ने अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान ऋषिकेश से रेडियेशन ऑनकोलॉजी में स्नातकोत्तर पाठ्यक्रम संपन्न किया। डॉ. अभिषेक ने ऋषिकेश में आयोजित समारोह में राष्ट्रपति द्रोपदी मुर्मू की मौजूदगी में संस्थान अध्यक्ष पद्मश्री डॉ. समीरन नंदी व संस्थान निदेशक प्रोफेसर मीनू सिंह से डिग्री प्राप्त की। 27 वर्ष की उम्र में चक्रवर्ती स्नातकोत्तर कर टाटा मेमोरियल कैंसर हॉस्पिटल वाराणसी में कार्यरत हैं।

## सीमा पार अवसरों पर करेंगे चर्चा



**जयपुर।** भारतीय चार्टर्ड अकाउंटेंट्स संस्थान के तत्वाधान में "इंडियन एडवांटेज रोडमैप अहेड" कार्यक्रम 'आत्मनिर्भर भारत' पहल के तहत आयोजित किया गया है। इसका उद्देश्य भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच आर्थिक संबंधों को और मजबूत करना है। 30 अप्रैल को सिडनी में होने वाले इस कार्यक्रम में भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच सीमा पार व्यापारिक और आर्थिक अवसरों को उजागर किया जाएगा। भारत से आईसीएआई के सेंट्रल काउंसिल मेम्बर सीए प्रकाश शर्मा भाग लेंगे।

## डीपीटील में हुए लीग मुकाबले



**बेधड़क. जयपुर।** मेडिकोज सोशल वेलफेयर सोसायटी के तत्वाधान में अक्षत चतुर्थ संस्करण डॉक्टर प्रीमियर टेनिस में सीनियर टीम वर्ग में रोमांचक मुकाबले हुए। लीग चेयरमैन डॉ. जयंत सेन ने बताया, सीनियर वर्ग में थापर टाइटंस ने द नी राइडर्स को 2-1 से, रवींद्र हॉस्पिटल ने हॉप हॉस्पिटल को 3-2 से, डॉ. निशांत टीम ने केडिया होटशोट को 1-0 से हराया। लीग आयोजन सचिव डॉ. अनिल यादव बताया, कि मलंग जोड़ी में डॉ. राकेश लाल ने डॉ. सुनील दत्त को 6-3 से, दबंग डबल्स में डॉ. आशीष-डॉ. अंकित की जोड़ी ने डॉ. दीपक-डॉ. लोकेश की जोड़ी को ट्राइब्रेकर में हराया। लीग को-चेयरमैन डॉ. हरीश भारद्वाज ने बताया, कि मलंग सिंगल्स में डॉ. सतीश शाह ने डॉ. आशीष जैन को 6-3 से, डॉ. आलोक माथुर ने डॉ. रशीद को 6-3 से हराया। मलंग डबल्स में डॉ. अमित कोटिया-डॉ. मधु की जोड़ी ने डॉ. प्रशांत-डॉ. सुनील की जोड़ी को 6-1 से हराया।

## गंभीर लक्षण है वैरिकोज वेन्स



**बेधड़क. जयपुर।** ऐंठी हुई या बढ़ी हुई नसें जो आमतौर पर पैरों और तलवों में दिखती हैं उन्हें वैरिकोज वेन्स या अवरुद्ध नसें कहा जाता है। सामान्य तौर पर यह शरीर में खून के संचार में होने वाली समस्या का संकेत होती हैं, जो कैंसर का द्योतक है। यह कहना था विशेषज्ञ डॉ. इंटरवेंशनल रेडियोलॉजी एक्सपर्ट डॉ. निखिल बंसल का, जो जयपुर में बोल रहे थे। उन्होंने कहा, कि एक गलत धारणा यह भी है कि वैरिकोज वेन्स केवल बुजुर्गों के लिए समस्या है। ऐसा बिलकुल नहीं है। यह किसी भी उम्र और शरीर के किसी भी हिस्से में हो सकती है।

## सदस्य पुस्तिका का विमोचन



**बेधड़क. जयपुर।** दिगंबर जैन सोशल ग्रुप सन्मति द्वारा सत्र 2023 के सदस्यों की परिचय पुस्तिका का विमोचन किया गया। संस्थापक अध्यक्ष राकेश-समता गोदिका के अनुसार मुख्य समन्वयक दर्शन-विनिता बाकलीवाल के नेतृत्व में संपादक मंडल मनीष-शोभना लोंग्या, राजेश-रानी पाटनी, अनिल-प्रेमा रावका, संजय-ज्योति छाबड़ा, कमल-मंजू ठोलिया, राकेश-रेणु संघी, नीतीश-मीनू पांड्या की टीम ने स्मारिका का प्रकाशन किया है। निवर्तमान सचिव के अनुसार समाज सेवी प्रमोद पहाड़िया, ज्ञान चंद झांझरी, ग्रुप संरक्षक सुरेंद्र पांड्या, जैनेंद्र जैन, सुभाष चंद जैन, राप्रदीप जैन आदि उपस्थिति रहे।

# City इवेंट्स

## ब्रदर्स यूनाइटेड और जयपुर एलीट जीते



**बेधड़क. जयपुर।** राजस्थान फुटबॉल एसोसिएशन के बैनर तले खेले जा रहे मैचों की श्रृंखला में गुरुवार को रॉयल फुटबॉल क्लब ग्राउंड में 72 में से 46-47 नंबर का मैच खेला गया। इसमें सभी टीमों ने अच्छा प्रदर्शन किया। राजस्थान फुटबॉल संघ के सचिव दिलीप सिंह शेखावत ने बताया कि पहला मैच ब्रदर्स यूनाइटेड फुटबॉल क्लब व सनराइज फुटबॉल क्लब के बीच खेला गया। इसमें ब्रदर्स यूनाइटेड फुटबॉल क्लब ने 7-0 से मैच जीता। दूसरा मैच एएसएल फुटबॉल क्लब और जयपुर एलीट फुटबॉल क्लब के बीच खेला गया। इसमें जयपुर एलीट फुटबॉल क्लब ने मैच 4-0 से जीता।

## तरुछाया मंदिर में सर्वदेव प्रतिष्ठा आज



**बेधड़क. जयपुर।** अजमेर रोड स्थित वेस्टवे हाईट की तरुछाया रेजीडेंसी में गुरुवार को सर्वदेव पंचायत की स्थापना के लिए विशाल कलश यात्रा निकाली गई। विलासा ग्रुप रेजीडेंसी के चेयरमैन विनय ताम्बी ने बताया कि मंदिर को लेकर स्थानीय आवासियों की लंबे समय से मांग चल रही थी। रेजीडेंसी के डॉ. कमलेश शर्मा, एनएल गुप्ता, ललित कन्दोई, एमपी गुप्ता, डीएस शर्मा, महावीर मालपानी, रविदत्त पालीवाल तथा विमल के.चाकर सहित कई लोग मौजूद रहे। इस अवसर पर महिला मंडल ने बैंड की धुन पर कई मांगलिक गीत गाकर उत्सव सा माहौल बना दिया। शुक्रवार को मूर्तियों की स्थापना की जाएगी।

## सुंदर हो गई जयपुर की दीवारें



**बेधड़क, जयपुर।** आजकल जयपुर की कुछ दीवारें और जगह सौंदर्य का पर्याय बनी हुई हैं। कहीं पीले तो कहीं नीले रंग की ये दीवारें जयपुराइट्स के साथ-साथ सैलानियों को भी आकर्षित कर रही हैं। क्योंकि जेके मेक्स और जयपुर नगर निगम ने सौंदर्यकरण का अभियान चलाया है। इसमें जयपुर के रंग और झरोखे दिखाई दे रहे हैं, जो शहर को सुंदर बनाने का काम कर रहे हैं।

## 35 रक्तदान शिविरों में एकत्र हुआ 1700 यूनिट रक्त

# जीवन रक्षक सम्मान समारोह में 63 संस्थाओं का किया सम्मान



**बेधड़क** | जयपुर

दिगंबर जैन सोशल ग्रुप सन्मति द्वारा दिगंबर जैन सोशल ग्रुप राजस्थान रीजन के तत्वावधान में आदिनाथ जयंती से महावीर जयंती कार्यक्रम में 35 रक्तदान शिविरों का आयोजन 63 संस्थाओं के सहयोग से कर 1700 यूनिट रक्त एकत्र किया गया। कार्यक्रम के मुख्य समन्वयक दर्शन बाकलीवाल व राकेश गोदिका ने बताया, कि श्रीमहावीर कॉलेज में प्रथम शिविर लगाकर मानव सेवार्थ मुहिम की शुरुआत की गई थी, जिसका समापन अहिंसा सर्किल पर अंतिम 35वां शिविर लगाकर किया ।

सन्मति अध्यक्ष मनीष लोंग्या व सचिव राजेश पाटनी के अनुसार शिविरों में लगभग 1700 यूनिट रक्त एकत्र किया गया तथा सभी रक्तदाताओं को मुख्य प्रायोजक आर के मार्बल ग्रुप, सह-प्रायोजक ए आर एल इंफ्राटेक व समाचार जगत के सहयोग से यातायात अवेयरनेस कार्यक्रम के अंतर्गत एक-एक आई एस आई मार्का हेलमेट दिया गया। रीजन अध्यक्ष राजेश बड़जात्या व सचिव निर्मल संघी के अनुसार भट्टारकजी की नसिया नारायण सिंह सर्कलल के छतरी वाले भाग में भक्तामर अनुष्ठान का शुभारंभ त्रिशला गोधा, शैलेंद्र गोधा तथा नंद किशोर प्रमोद पहाड़िया ए आर एल परिवार ने किया। महावीरजी कमेटी अध्यक्ष सुधांशु कासलीवाल, वीर सेवक मंडल अध्यक्ष महेश काला, राजस्थान जैन सभा अध्यक्ष सुभाष चन्द जैन, कोषाध्यक्ष राकेश छाबड़ा, राजस्थान जैन युवा महासभा संस्थापक अध्यक्ष ज्ञान चंद झांझरी आदि ने उपस्थिति होकर समारोह को सफल बनाया।

## जागो जयपुर-जगमग जयपुर अभियान

# एक स्वर में बोले छात्र, 'हम बनाएंगे जयपुर को स्वच्छ'



**बेधड़क** | जयपुर

शहर को स्वच्छ और सुंदर बनाने के लिए हेरिटेज नगर निगम जयपुरवासियों को जागरूक कर रहा है। आयुक्त अभिषेक सुराणा के निर्देश पर निगम के स्वच्छता प्रहरियों ने गुरूवार को विभिन्न स्थानों पर जागरूकता कार्यक्रम चलाया। सुराणा ने बताया, कि जागो जयपुर-जगमग जयपुर अभियान का उद्देश्य आमजन को स्वच्छता के प्रति जागरूक कराना है। इसी मिशन के साथ आदर्श नगर जोन में सीडलिंग पब्लिक स्कूल जवाहर नगर में निगम के स्वच्छता प्रहरियों ने नुक्कड नाटक से गीला कचरा और सूखा कचरा के बारे में अवगत कराया। इस दौरान समझाया, कि दोनों कचरे को अलग-अलग कचरा पात्र में रखें। जिससे हम और हमारा वातावरण स्वच्छ बने रहे। साथ ही प्लास्टिक पॉलिथीन का उपयोग नहीं करने के लिए जागरूक किया।

### स्वच्छता का दिलाया संकल्प

प्रहरियों ने घर पर ही वेस्ट सामग्री से खाद बनाने को विधि बताई और जयपुर शहर को स्वच्छ रखने के संकल्प दिलाया। वहीं आदर्श नगर जोन में ही स्थित साधु वासवानी उच्च माध्यमिक विद्यालय में स्टाफ को गीला और सूखा कचरे को अलग-अलग कर कचरा पात्र में रखने का संदेश दिया। साथ ही प्लास्टिक पॉलिथीन के उपयोग नहीं करने के लिए जागरूक किया। इस के दौरान पीआईयू की टीम ने घर पर ही वेस्ट सामग्री से खाद बनाने को विधि बताई और जयपुर शहर को स्वच्छ रखने के संकल्प दिलाया। इस दौरान सभी ने एक स्वर में जयपुर को स्वच्छ रखने का प्रण लिया।

**वैलनेस कार्निवल** | 'सेल्फ लव' थीम पर महिलाओं के लिए हुआ विशेष सेशन

# ब्यूटी, डाइट और स्वस्थ जीवनशैली अपनाने के दिए टिप्स

**बेधड़क** | जयपुर

जयपुर में 'सेल्फ लव' थीम पर महिलाओं के लिए वैलनेस कार्निवल का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुंबई की लाईफ, वैलनेस एंड स्पिरिचुअल कोच लीना गुप्ता ने सेशन में महिलाओं को सेल्फ लव (आत्म प्रेम) के लिए नुस्खे बताए।

सेशन के दौरान उन्होंने स्वस्थ जीवनशैली अपनाने और आध्यात्मिकता व पॉजीटिव माइंडसेट से जीवन में परिवर्तन लाने के लिए टिप्स साझा किए। इस अवसर पर रूपाली सेठ ने कहा, कि हमारा फोकस महिलाओं की होलिस्टिक हैल्थ पर है। जश्न मनाने के लिए हम सभी यहां एकत्रित हुए हैं। कार्यक्रम में महिलाओं ने वैलनेस विशेषज्ञों से सेल्फ लव के बारे में समझा। महिलाएं हमारे समाज का आधार हैं। यदि वे स्वयं को मानसिक और शारीरिक रूप से स्वस्थ और आत्मविश्वासी महसूस करेंगी तभी वे समाज और अपनी आने वाली पीढ़ी को स्वस्थ और जागरूक बना सकेंगी।



### योगा और एक्सरसाइज के बारे में बताया

कार्यक्रम में क्लिनिकल न्यूट्रिशनिस्ट सुरभि सिंह ने स्वस्थ रहने के लिए हेल्दी आहार, योगा और एक्सरसाइज के बारे में बताया। उन्होंने घर की बनी रेरिपीज और स्थानीय ग्रेन्स के उपयोग पर जोर दिया। इस दौरान प्रश्न-उत्तर सेशन आयोजित हुआ, जिसमें महिलाओं ने हेल्दी डाइट, न्यूट्रीशन, स्किन ग्लो जैसे कई विषयों पर कई सवाल पूछे। वहीं कोच स्वाति सहारन ने महिलाओं के लिए खास ब्रीदिंग एक्सरसाइज सेशन कराया, जिसमें उन्होंने सांस लेने की विभिन्न क्रियाओं के बारे में विस्तार से समझाया। किस प्रकार से ब्रीदिंग द्वारा एंगर, एग्जाइटी, मानसिक तनाव आदि से राहत पाया जा सकता है।





यह मनुष्य का मन ही है जो उसके बंधन या स्वतंत्रता का कारण है।
विनायक शर्मा, फाउंडर एंड एडिटर इन चीफ, सच बेधड़क मीडिया ग्रुप

# 38 की मौत

## केन्या में बाढ़ ने मचाई तबाही... घरों और सड़कों पर भर गया पानी

# 110,000 लोग बेघर



एजेंसी | नैरोबी

केन्या में बाढ़ के कारण अब तक 38 लोगों की मौत हो गई है, जबकि 11 हजार से अधिक लोगों को विस्थापित किया गया है। केन्या रेड क्रॉस सोसायटी ने कहा कि बाढ़ की स्थिति आपातकालीन से आपदा स्तर की ओर बढ़ रही है।

अफ्रीकी देश ने सामान्य कारोबार को भी बाधित कर दिया है। केन्या में भारी बारिश से व्यापक स्तर पर संपत्ति भी नष्ट हो गई। केन्या की राजधानी नैरोबी की मथारे झुग्गी बस्ती में बुधवार रात भर हुई बारिश के बाद एक व्यक्ति की मौत हो गई और छह लोग लापता हो गए।

सेटलमेंट बस्ती में अचानक जलस्तर बढ़ने पर यहां पर लोगों ने खुद को अपने घरों में फंसा हुआ पाया। इसके अलावा नैरोबी के अन्य हिस्सों में भी रात भर की भारी बारिश के बाद लोगों के घरों और सड़कों पानी भर गया।

### 200 मिमी तक हुई बारिश

सबसे अधिक प्रभावित वे लोग हैं जिनके पास कोई विकल्प नहीं है। हम अपनी टीमों के साथ जोखिम वाली आबादी का पता लगाने के लिए यथासंभव प्रयास कर रहे हैं। केन्या मौसम विभाग (KMD) के अनुसार केन्या में अभूतपूर्व भारी वर्षा हुई है। कुछ क्षेत्रों में एक दिन में 200 मिमी तक बारिश हुई है।

### 27 एकड़ से ज्यादा भूमि की फसलें नष्ट

केआरसीएस के अनुसार भारी बारिश ने देश भर में कम से कम 23 इलाकों को प्रभावित किया है और 110,000 से अधिक लोग बेघर हो गए हैं। एजेंसी ने कहा कि 27,716 एकड़ (लगभग 112 वर्ग किलोमीटर) से अधिक की फसलें नष्ट हो गई हैं और लगभग 5,000 पशुधन मारे गए हैं।

## अमेरिका में दिख रहा है इजराइल-हमास के बीच जंग का असर

# इजराइल का समर्थन करने पर अमेरिका में प्रदर्शन

एजेंसी | न्यूयॉर्क

इस वक्त अमेरिका की करीब 8 यूनिवर्सिटीज में इजराइली हमलों के खिलाफ विरोध प्रदर्शन किया जा रहा है। यूएस पुलिस ने सैकड़ों छात्रों को हिरासत में ले लिया, लेकिन प्रदर्शन रुकने का नाम नहीं ले रहे हैं। यूनिवर्सिटीज में मौजूद यहूदी छात्रों और इजराइल समर्थकों में इन विरोधों के कारण अपनी सुरक्षा को लेकर डर बना हुआ है।

अब इन छात्रों के प्रदर्शनों को लेकर इजराइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू की भी प्रतिक्रिया आ गई है। नेतन्याहू ने इन प्रदर्शनों की तुलना 1930 में हुए जर्मनी यूनिवर्सिटी में यहूदियों के खिलाफ प्रदर्शनों से की है।

एक वीडियो संदेश में इजराइली पीएम ने आरोप लगाया कि अमेरिका में 'यहूदी विरोधी भावना' में तेजी से वृद्धि हुई है। उन्होंने मांग की है कि इसको रोकने के लिए कड़े कदम उठाने चाहिए।



### सैकड़ों छात्रों को किया अरेस्ट

मिडिल ईस्ट में गाजा युद्ध को लेकर इजराइल का समर्थन करने के अमेरिका के फैसले के खिलाफ विरोध प्रदर्शन तेज हो गया है। न्यूयॉर्क शहर में आइवी लीग कोलंबिया यूनिवर्सिटी कैंपस में विरोध प्रदर्शन शुरू हुआ, जहां 100 से ज्यादा छात्रों को गिरफ्तार किया गया और उनके शिविर को हटा दिया गया। इसके साथ ही हार्वर्ड, येल और न्यूयॉर्क यूनिवर्सिटी सहित कई यूनिवर्सिटीज में बड़े पैमाने पर विरोध प्रदर्शन किया जा रहा है। इस मामले में सैकड़ों छात्रों को गिरफ्तार किया गया है और यूनिवर्सिटी का कामकाज इनसे बड़े पैमाने पर प्रभावित हुआ है। छात्रों की मांग हैं कि अमेरिका इजराइल के लिए अपना समर्थन बंद कर दे, जो गाजा में हमास के साथ युद्ध में उलझा हुआ है। गाजा में 30,000 से ज्यादा लोग मारे गए हैं। इनमें से अधिकतर महिलाएं और बच्चे हैं।

### प्रदर्शनों के भयानक होंगे परिणाम: नेतन्याहू

इजराइली पीएम बेंजामिन नेतन्याहू ने प्रदर्शनों के बारे में कहा कि यह गलत है, इसे रोकना होगा। इसकी निंदा की जानी चाहिए। उन्होंने कहा प्रदर्शनकारी इजराइल की मौत और यहूदियों की मौत के नारे लगाने के साथ-साथ अमेरिका की मौत के नारे भी लगा रहे हैं। इजराइली प्रधानमंत्री ने कहा कि यह हमें बताता है कि अमेरिका में यहूदी विरोधी लहर है जिसके भयानक परिणाम होंगे। हम पूरे अमेरिका और पश्चिमी समाज में यहूदी विरोधी भावना में बढ़ोतरी देख रहे हैं, ये सब 1930 में हुए जर्मनी यूनिवर्सिटी में यहूदियों के खिलाफ प्रदर्शनों की तरह है।

## चेन्नई में हुआ फ्री हार्ट ट्रांसप्लांट

# 'पाक की लड़की में धड़का भारत का दिल'

एजेंसी | चेन्नई

भारत और पाकिस्तान...कहने को तो दुश्मन देश हैं, लेकिन दोनों का रिश्ता दिल से जुड़ा है। क्योंकि 1947 से पहले हम एक थे। और आज भी जब-जब रिश्ते निभाने की बात आती है तो भारतीय कभी पीछे नहीं हटते हैं। यह बात सोलह आने सच है। कराची की रहने वाली 19 साल की आयशा पिछले एक दशक से हार्ट रोग से पीड़ित थीं। कई जगहों पर परिवार ने आयशा को दिखाया। हर जगह हार्ट ट्रांसप्लांट करने की सलाह दी गई। 2014 में परिवार आयशा को लेकर भारत आया। यहां बीमार हार्ट को सहारा देने के लिए एक पंप ट्रांसप्लांट कर दिया। दुर्भाग्य से कुछ दिन बाद पंप ने भी काम करना बंद कर दिया। तब डॉक्टरों ने उन्हें सलाह दी कि अब हार्ट ट्रांसप्लांट कराने के अलावा और कोई विकल्प नहीं है। आयशा के परिवार ने चेन्नई के एमजीएम हेल्थकेयर अस्पताल में इंस्टीट्यूट ऑफ हार्ट एंड लंग ट्रांसप्लांट के निदेशक डॉ. केआर बालाकृष्णन और सह-निदेशक डॉ. सुरेश राव से सलाह ली। मेडिकल टीम ने सलाह दी कि हार्ट ट्रांसप्लांट जरूरी है। क्योंकि आयशा के हार्ट पंप में रिसाव हो गया था। इसके बाद उसका हार्ट ट्रांसप्लांट किया।



### दिल्ली से मिला दिल

छह महीने पहले आयशा को दिल्ली से दिल मिला। यह हार्ट एक 69 वर्षीय बेन डेड मरीज का था। इसके बाद देश में उनके 18 महीने के प्रवास के बाद एमजीएम हेल्थकेयर में 35 लाख की ट्रांसप्लांट सर्जरी मुफ्त में की गई। आयशा ने नया जीवनदान मिलने के लिए खुशी व्यक्त की और डॉक्टरों के साथ-साथ भारत सरकार को उनके समर्थन के लिए धन्यवाद दिया।

### मां बोलीं- भारत हमारा सच्चा दोस्त

आयशा की मां सनोबर ने याद करते हुए कहा कि जब वे भारत पहुंचे तो आयशा की सिर्फ सांसें चल रही थीं। उसके जिंदा बचने की उम्मीद सिर्फ 10 फीसदी थी। सच कहूं तो भारत की तुलना में पाकिस्तान में कोई अच्छी चिकित्सा सुविधाएं नहीं हैं। मुझे लगता है कि भारत हमारा सच्चा दोस्त मुल्क है। जब पाकिस्तान में डॉक्टरों ने कहा कि कोई प्रत्यारोपण सुविधा उपलब्ध नहीं है, तो हमने डॉ. केआर बालाकृष्णन से संपर्क किया।

## श्रीलंका और ईरानी राष्ट्रपति ने की मुलाकात और कहा...

# संबंधों का हिंद महासागर क्षेत्र को होगा फायदा

एजेंसी | कोलंबो

ईरान के राष्ट्रपति इब्राहिम रईसी ने कहा है कि श्रीलंका के साथ बेहतर संबंधों से दोनों देशों और हिंद महासागर क्षेत्र को फायदा होगा। रईसी ने यहां श्रीलंका के राष्ट्रपति रानिल विक्रमसिंघे के साथ संयुक्त संवाददाता सम्मेलन में यह बात कही। रईसी ने कहा कि ईरान श्रीलंका को अपने आर्थिक और औद्योगिक बुनियादी ढांचे को बढ़ावा देने में मदद करने के वास्ते प्रौद्योगिकी और इंजीनियरिंग सेवाओं की आपूर्ति करने के लिए तैयार है। रईसी कोलंबो से लगभग 200 किमी दूर ईरान की तकनीकी सहायता से निर्मित उमा ओया बहुउद्देशीय विकास परियोजना का उद्घाटन करने के लिए एक दिवसीय आधिकारिक यात्रा पर यहां आए। उन्होंने कहा कि ईरान और श्रीलंका के बीच विभिन्न क्षेत्रों में बेहतर संबंधों से दोनों देशों और हिंद महासागर क्षेत्र को लाभ होगा।






सृष्टिविनायक एंटरटेनमेंट मीडिया प्राइवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक व प्रकाशक मिताली यादव द्वारा सच बेधड़क दैनिक हिन्दी अखबार, 34/16-ए, शिप्रा पथ, मानसरोवर, जयपुर-302020 (राजस्थान) से प्रकाशित एवं भास्कर प्रिंटिंग प्रेस, शिवदासपुरा, रेलवे क्रॉसिंग टोंक रोड, जयपुर (राजस्थान) से मुद्रित।
**संपादक:** विनायक शर्मा*, **फोन नं. :** 9664014179 (ऑफिस), **ई-मेल:** news@sachbedhadak.com, **RNI No. :** RAJHIN/2021/82557 *समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के तहत जिम्मेदार।

दैनिक हिन्दी अख़बार
सच बेधड़क

"सच बेधड़क" दैनिक हिन्दी अख़बार की प्रति PDF के माध्यम से मुफ़्त प्राप्त करने के लिए इस लिंक पर Click कीजिए

Telegram

https://rb.gy/3bkrnl